# हरिभूमि वनांचल भूमि

रायपुर, शुक्रवार 15 अगस्त 2025

[ बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर ]


तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री


16 बीटीओए चुनाव में राहुल की उपाध्यक्ष पद पर ...





16 हर घर तिरंगा अभियान, निकाली जागरुकता ...




## राष्ट्रीय पर्व: अन्य 15 गांव में 26 जनवरी को पहली बार फहराया गया था ध्वज

# बीजापुर, नारायणपुर और सुकमा जिले के 14 गांव में पहली बार लहराएगा तिरंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

15 अगस्त 2025 बस्तर के इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय लिखने जा रहा है। जब बस्तर रेंज के 29 स्थानों पर स्वतंत्रता दिवस मनाया जाएगा। इनमें से 15 स्थानों पर पिछले 26 जनवरी 2025 को गणतंत्र दिवस मनाया जा चुका है। 14 नवनिर्मित सुरक्षा शिविर क्षेत्रों में पहली बार तिरंगा फहराया जाएगा। बीजापुर के 5, नारायणपुर के 7 और सुकमा जिले के 2 गांव में पहली बार तिरंगा लहराएगा । इन तीनों जिले में सीआरपीएफ ,आईटीबीपी और बीएसएफ पोस्ट की स्थापना 7 फरवरी से लेकर 15 मई 2025 यानि इसी साल की गई है। यह बीजापुर जिले का उसूर, पामेड़, गंगालुर और तर्रेम, नारायणपुर जिले का कोहकामेटा, सोनपुर और ओरछा तथा सुकमा जिले का कोंटा ब्लाक का 2 गांव का इलाका अतिसंवेदनशील नक्सल प्रभावित रहा है। जहां पोस्ट स्थापित होने के बाद

ग्रामीणों मे तिरंगा के प्रति सम्मान और नक्सलियों की हिंसात्मक प्रवृति के प्रति नफरत की भावना पैदा हुई है। जहां पहली बार तिरंगा लहराएगा उन गांव में बीजापुर जिले के उसूर थाना क्षेत्र का गुंजेपर्ती तथा भीमारम, पामेड़ थाना क्षेत्र का पुजारीकांकेर , गंगालूर थाना क्षेत्र का कोरचोली तथा तर्रेम थाना क्षेत्र का कोटपल्ली वहीं नारायणपुर जिले के कोहकामेटा थाना क्षेत्र का कुतुल, बड़ेमाकोटी, पदमकोट तथा नेल्लांगुर सोनपुर थाना क्षेत्र का कांदुलनार एवं पांगुर तथा ओरछा थाना क्षेत्र का रायनार इसके अलावा सुकमा जिले के कोंटा थाना क्षेत्र के उसकावाया एवं नुलकातोंग है। यह उपलब्धि बस्तर के कुछ सबसे दूरस्थ और पूर्व में समस्याग्रस्त रहे गांवों में हुए अद्वितीय परिवर्तन का प्रतीक है। कभी काले झंडे और माओवादी धमकियों से चिन्हित ये क्षेत्र आज उल्लास और उत्साह से भरे हुए हैं । बच्चे देशभक्ति गीतों का अभ्यास कर रहे हैं, बुजुर्ग आयोजन स्थल की तैयारी में जुटे हैं। पूरा समुदाय आजादी के जज्बे में एकजुट हो रहा है।



फाइल फोटो

### इन 15 गांव में 26 जनवरी को पहली बार तिरंगा फहराया था

पिछले साल 2024 और जनवरी 2025 में नारायणपुर बीजापुर और सुकमा जिले के 15 गांव में सुरक्षा पोस्ट स्थापित होने के बाद 26 जनवरी 2025 को पहली बार तिरंगा लहराया था। ये गांव है बीजापुर जिले के तर्रेम थाना क्षेत्र का कोंडापल्ली, वाटेवागु, पामेड़ थाना क्षेत्र का जीड़पल्ली, जीड़पल्ली 2 , गंगालूर थाना क्षेत्र का पिड़ियि वहीं नारायणपुर जिले के सोनपुर थाना क्षेत्र के होरादी एवं गारपा, कोहकामेटा थाना क्षेत्र के कच्चापाल, कोडलियार बेड़माकोटी वहीं सुकमा जिले के चिंतलनार थाना क्षेत्र के तुमालपाड़ एवं रायगुढ़ेम जगरगुंडा थाना क्षेत्र के गोलाकुंडा , चिंतलनार थाना के गोमगुड़ा तथा चिंतागुफा थाना क्षेत्र के मेट्टागुड शामिल है।

### आवश्यक सुरक्षा इंतजाम किए गए

आईजी ने बताया पूरे बस्तर रेंज में स्वतंत्रता दिवस के शांतिपूर्ण और सुरक्षित आयोजन के लिए सभी आवश्यक सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। डीआरजी, बस्तर फाइटर्स, एसटीएफ, कोबरा और सीएपीएफ जैसी विशेष इकाइयां लगातार गश्त और क्षेत्र में प्रभुत्व कायम रखने की कार्रवाइयां कर रही हैं। उन्होंने कहा यह बदलाव बस्तर के लोगों के साहस और हमारे बलों की निष्ठा का प्रमाण है। यह तथ्य कि अब स्थानीय आबादी खुलकर और गर्व से राष्ट्र की स्वतंत्रता का उत्सव मना सकती है, इस बात का सशक्त संदेश है कि हम मिलकर किसी भी कठिन चुनौती को पार कर सकते हैं।

### जनता, प्रशासन और सुरक्षा बलों के बीच गहराते संबंध का परिणाम

यह बदलाव सुरक्षा बलों के निरंतर और अथक प्रयासों तथा हाल के महीनों में आंतरिक क्षेत्रों में नये शिविर स्थापित करने से संभव हुआ है। इन शिविरों ने लोगों में सुरक्षा, उम्मीद और अपनापन का नया विश्वास जगाया है, जिससे भय की जगह आत्मविश्वास ने ले ली है। ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी और हमारे जवानों का सहयोग जनता, प्रशासन और सुरक्षा बलों के बीच गहराते संबंध को दर्शाता है।

**सुन्दरराज पट्टलिंगम**
आईजीपी बस्तर

## खबर संक्षेप

### इंजीनियरिंग कॉलेज में राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर हुआ व्याख्यान



**जगदलपुर।** शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर व्याख्यान आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रोफेसर डॉ. एच.एल विश्वकर्मा विभागाध्यक्ष, भौतिक शास्त्र मुख्य वक्ता थे। उन्होंने प्रमुख विशेषताओं जैसे 5+3+3+4 शिक्षा प्रणाली, समग्र और बहुविषयक शिक्षा पर जोर, व्यवसायिक शिक्षा का एकीकरण, कौशल आधारित शिक्षा, लचीले पाठ्यक्रम विकल्प पर विस्तृत चर्चा की। साथ ही तकनीकी महाविद्यालय के छात्रों के सवार्गीण विकास एवं वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए इसे आवश्यक एवं लाभकारी बताया। बडी संख्या में छात्र-छात्राएं उत्साह और उत्सुकता के साथ कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने विद्यार्थियों के प्रश्नों का उत्तर देते हुए उनके शंकाओं का समाधान किया। कार्यक्रम समन्वयक अशोक कुमार यादव सहायक प्राध्यापक, अंग्रेजी ने संचालन किया और इसे छात्रों के कौशल मूल्य और व्यक्तित्व विकास में सहायक बताया। रसायन के सहायक प्राध्यापक दनुज कुमार मरकाम ने नई शिक्षा नीति में क्रेडिट ट्रांसफर सिस्टम और डिजिटल अकादमिक बैंक के बारे में जानकारी दी। इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के अलावा समन्वयक ए के यादव, डी के मरकाम, जी राजेश, प्रियंका तिवारी एवं अन्य प्राध्यापक उपस्थित हुए। प्रियंका तिवारी ने आभार व्यक्त किया।

# हाई सिक्युरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट नहीं होने से वाहनों पर किया जुर्माना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- एचएसआरपी के लिए आरटीओ उतरे सड़क पर
- सुबह से शाम तक चली वाहनों की जांच

वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट लगाने के लिए आरटीओ टीम के साथ सड़क पर उतरे, जिससे वाहन मालिकों एवं चालकों में हड़कंप मच गया। इस दौरान एक ही दिन में आरटीओ ने संभागीय मुख्यालय से रायपुर, दंतेवाड़ा, कोंटा, बीजापुर एवं ओडीसा रोड में वाहनों की जांच की। आरटीओ के अनुसार बस्तर जिले में डेढ़ लाख वाहनों में हाई सिक्यूरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट लगाया जाएगा। विभाग के दफ्तर में वाहन मालिकों के मोबाइल रजिस्ट्रेशन व प्लेट लगाने का काम शुरू हो चुका है।

परिवहन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार सर्वोच्च न्यायालय दिल्ली के द्वारा सभी प्रकार के वाहनों में हाई सिक्यूरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगाना अनिवार्य किया है। इसके तहत वर्ष मार्च 2019 के पहले के वाहनों में लगे नंबर प्लेट को बदलकर हाई सिक्यूरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट लगाया जा रहा है। यह प्लेट एल्युमीनियम से बनी होती है, इसमें वाहन की पूरी जानकारी देने वाला क्रोमियम आधारित होलोग्राम होता है। इसमें एक यूनिक लेजर कोड होता है, जिसे हटाना मुश्किल होता है, स्नैप लॉक होता है, जिससे इसे बिना अनुमति के नहीं बदला जा सकता, जिससे कम रोशनी में भी वाहन आसानी से दिखता है, इससे वाहन चोरी रुकती है और चोरी होने पर वाहन आसानी से पकड़ा जा सकता है।

### नंबर प्लेट लगाने का काम जारी

*संयुक्त कलेक्टर एवं क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी डीसी बंजारे ने बताया कि वाहनों में हाई सिक्यूरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट लगाने का काम जारी है। हाई सिक्यूरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट में वाहन स्वामी के पंजीकृत वाहन में मोबाइल नंबर अपडेट किया जा रहा है।*




# 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की समस्त क्षेत्रवासियों को शुभकामनाएं

श्रीमती प्रेमबती बघेल, सरपंच
श्री रतन बघेल, सचिव
**ग्राम पंचायत, आसना**

श्री उमाकान्तो बघेल, सरपंच
श्री श्यामलाल बघेल, सचिव
**ग्राम पंचायत, नगरनार**

श्री महादेव बाकड़े, सरपंच
श्री सुखचंद सेठिया, सचिव
**ग्राम पंचायत, माड़पाल**

श्रीमती दुर्गा उद्दे, सरपंच
श्री मन्नुलाल साहू, सचिव
**ग्राम पंचायत, धुरगुड़ा**

श्रीमती दशमी बेलसरिया, सरपंच
श्री ललित पांडे, सचिव
**ग्राम पंचायत, कुम्हरावण्ड**

श्रीमती जयंती कश्यप, सरपंच
श्रीमती तुलमती साहू, सचिव
**ग्राम पंचायत,आड़ावाल**

श्रीमती धनमती नाग, सरपंच
श्री राधेश्याम देवांगन, सचिव
**ग्राम पंचायत, शिवनागुड़ा**

श्री मनदेव बघेल, सरपंच
श्री सीताराम यादव, सचिव
**ग्राम पंचायत पोड़ागुड़ा**

श्री सोमदास नाग, सरपंच
श्री नरेंद्र ठाकुर, सचिव
**ग्राम पंचायत, जाटम**

श्रीमती शोभावती नाग, सरपंच
श्री मुरली सेठिया, सचिव
**ग्राम पंचायत, साड़गुड़**

श्रीमती दयामति बघेल, सरपंच
श्री भगत सेठिया, सचिव
**ग्राम पंचायत, पुसपाल**

श्री हरीराम नाग, सरपंच
श्री सुखदेव बघेल, सचिव
**ग्राम पंचायत, कोलावाड़ा**

- श्रीमती खीरमनी कश्यप, सरपंच; श्री तुलसीराम, सचिव — ग्राम पंचायत, तितिरगांव
- श्रीमती सरिता भोयर, सरपंच; श्री तुलसीराम, सचिव — ग्राम पंचायत, कालीपुर
- श्री टेमल कश्यप, सरपंच; श्रीमति निलंती, सचिव — ग्राम पंचायत, बालीकोन्टा
- कु. हेमवती कश्यप, सरपंच; श्री जगरनाथ, सचिव — ग्राम पंचायत, तुरेनार
- श्रीमती रुकमनी बघेल, सरपंच; श्री लखन सेठिया, सचिव — ग्राम पंचायत, कलचा
- श्रीमती पुष्पांजलि नागेश, सरपंच; श्री गजेंद्र देवांगन, सचिव — ग्राम पंचायत, करनपुर
- श्री वासुदेव गोयल, सरपंच; श्री बनमाली बिसाई, सचिव — ग्राम पंचायत, उपनपाल
- श्रीमती भुनेश्वरी बघेल, सरपंच; श्री संजय जोशी, सचिव — ग्राम पंचायत, भेजापदर
- श्रीमती गायत्री नाग, सरपंच; श्री बंशीधर बघेल, सचिव — ग्राम पंचायत, धनंपुजी
- श्रीमती जमुना बघेल, सरपंच; श्री रामधर, सचिव — ग्राम पंचायत, कस्तुरी
- श्रीमती सोनामनी गोयल, सरपंच; ममता ध्रुव, सचिव — ग्राम पंचायत, खम्हारगांव
- श्री सुकलधर बघेल, सरपंच; श्रीमती मीना सिंह, सचिव — ग्राम पंचायत, खुटपदर
- श्री दयाराम कश्यप, सरपंच; श्री लखन सेठिया, सचिव — ग्राप पंचायत, गरावण्डकला
- श्री लछीमधर भारती, सरपंच; कु.राधा नाग, सचिव — ग्राप पंचायत, बाबुसेमरा
- श्रीमती बुदरी बघेल, सरपंच; कु.राधा नाग, सचिव — ग्राप पंचायत, बुरुंदवाड़ा सेमरा
- श्रीमती जयमनी कश्यप, सरपंच; श्री सुबरीसन, सचिव — ग्राप पंचायत, हल्बाकचोरा
- श्रीमती तुलावती बघेल, सरपंच; श्री मन्नुलाल साहू, सचिव — ग्राम पंचायत, घाटपदमुर
- श्री धरमदास नाग, सरपंच; श्री ललित पांडे, सचिव — ग्राम पंचायत, बिरिंगपाल
- श्रीमती पदमनी नाग, सरपंच; श्रीमती गुलाब सिंह, सचिव — ग्राम पंचायत, नक्टीसेमरा
- श्रीमती हेमवती, सरपंच; श्री रघुराज देवांगन, सचिव — ग्राम पंचायत, मारकेल
- श्रीमती वेदिका कुंवर, सरपंच; श्री डोमुराम, सचिव — ग्राम पंचायत, बम्हनी
- श्रीमती अयरवती नाग, सरपंच; श्री बंशीधर बघेल, सचिव — ग्राम पंचायत, आमागुड़ा
- श्रीमती रायमती बघेल, सरपंच; श्री कमल कश्यप, सचिव — ग्राम पंचायत, चोकावाड़ा
- श्रीमती शोभावती नाग, सरपंच; श्री रघुराज देवांगन, सचिव — ग्राम पंचायत, कुम्हली
- श्रीमती सोनमती देवांगन, सरपंच; श्रीमती मीना सिंह, सचिव — ग्राम पंचायत, कुरन्दी
- श्रीमती धनमति पुजारी, सरपंच; श्री बलीराम नाग, सचिव — ग्राम पंचायत, चिलकुटी
- श्रीमती उमन बघेल, सरपंच; श्री कमल किशोर, सचिव — ग्राम पंचायत, बिलौरी
- श्रीमती सोनादई पंत, सरपंच; श्री दयाराम सेठिया, सचिव — ग्राम पंचायत परपा
- श्री सोमधर नाग, सरपंच; श्री आर्यन चालकी, सचिव — ग्राम पंचायत, सरगीपाल
- श्री हेमंत कुमार पोयाम, सरपंच; श्री भीम सिंग, सचिव — ग्राम पंचायत, पंडरीपानी
- श्री जदुराम कश्यप, सरपंच; श्री मुरारी शर्मा, सचिव — ग्राम पंचायत, मावलीगुड़ा
- श्रीमती बालमती नागेश, सरपंच; श्री दयाराम सेठिया, सचिव — ग्राम पंचायत, तुसेल
- श्री घेनवाराम बघेल, सरपंच; श्रीमती निलिमा, सचिव — ग्राप पंचायत, नियानार
- श्री सुकलधर बघेल, सरपंच; श्री श्रुति मोहंती, सचिव — ग्राम पंचायत, कुलगांव
- श्रीमती सामबती कश्यप, सरपंच; श्री बनमाली नाग, सचिव — ग्राम पंचायत, धनियालुर
- श्री मानसाय बघेल, सरपंच; श्री जानकीराम, सचिव — ग्राम पंचायत, हाटपदमुर
- श्रीमती गोंची नाग, सरपंच; श्री तुलाराम नाग, सचिव — ग्राम पंचायत, सिड़मुड़
- श्रीमती गोरीमनी नाग, सरपंच; श्री जदुराम, सचिव — ग्राम पंचायत, उलनार
- श्री रेंदु नाग, सरपंच; श्री उमरमन कश्यप, सचिव — ग्राम पंचायत, जामावाड़ा
- श्रीमती करुणा कश्यप, सरपंच; श्री नरेंद्र ठाकुर, सचिव — ग्राम पंचायत, छोटे जामावाड़ा
- श्रीमती सुकमती नाग, सरपंच; श्री उमरमन कश्यप, सचिव — ग्राम पंचायत, काकरवाड़ा
- श्रीमती सामवती नाग, सरपंच; श्री कमल कश्यप, सचिव — ग्राम पंचायत, बड़ेबोदल
- श्री जयराम नाग, सरपंच; श्री मोहन सेठिया, सचिव — ग्राम पंचायत, बिरनपाल
- श्री सलमु नाग, सरपंच; श्री प्रदीप यादव, सचिव — ग्राम पंचायत, टोण्डापाल
- श्रीमती भगवती कश्यप, सरपंच; श्री प्रदीप यादव, सचिव — ग्राम पंचायत, बड़ेमुरमा
- श्रीमती उषा बघेल, सरपंच; श्री मेघनाथ, सचिव — ग्राम पंचायत, अलनार
- श्री सुखराम बघेल, सरपंच; श्री बृजभूषण ध्रुवे, सचिव — ग्राम पंचायत, नानगुर
- श्री पितांबर बघेल, सरपंच; कुलसुम खान, सचिव — ग्राम पंचायत, कैकागढ़
- श्रीमती जमन्ती नाग, सरपंच; कु. बालेश्वरी ठाकुर, सचिव — ग्राम पंचायत, कैकागढ़ चैरबहार
- गुजी बघेल, सरपंच; श्री अरुण सेठिया, सचिव — ग्राम पंचायत, कावापाल
- श्रीमती देवली नाग, सरपंच; श्री अरुण सेठिया, सचिव — ग्राम पंचायत, तिरिया
- श्री महादेव नाग, सरपंच; श्री नरसिंह गोयल, सचिव — ग्राम पंचायत, गुमलवाड़ा
- श्रीमती मिटकी नाग, सरपंच; श्री हरीशचंद्र सेठिया, सचिव — ग्राम पंचायत, कवालीकला
- श्री हीरालाल ध्रुव, सरपंच; श्री जानकीराम, सचिव — ग्राम पंचायत, छोटेकवाली
- श्री मंगलसाय बघेल, सरपंच; श्री बृजभूषण ध्रुवे, सचिव — ग्राम पंचायत मांझीगुड़ा
- श्रीमती राजंती बघेल, सरपंच; श्री जदुराम, सचिव — ग्राप पंचायत, नागलसर
- श्रीमती हीरादेई नाग, सरपंच; श्री सुकदेव बघेल, सचिव — ग्राप पंचायत, नेतानार
- श्री महादेव नाग, सरपंच; श्री साधुराम, सचिव — ग्राप पंचायत, चितलगुर
- श्रीमती लच्छनदई बघेल, सरपंच; श्री गजेन्द्र देवांगन, सचिव — ग्राम पंचायत गरावंडखुर्द

## विनीत- अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं समस्त जनपद सदस्य, जनपद पंचायत जगदलपुर

## खबर संक्षेप

### महिलाओं ने व्रत रख श्रद्धा के साथ मनाया कमरछठ पर्व



कोण्डागांव। भाद्रपद माह में मनाए जाने वाले पारंपरिक त्योहार कमरछठ महिलाओं ने आज श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया। सुहागिन महिलाओं ने व्रत रखकर अपने परिवार की सुख–समृद्धि और संतान की लंबी उम्र की कामना की। सुबह से ही महिलाएँ नए वस्त्र और पारंपरिक गहनों से सजकर नदी, तालाब और कुओं के किनारे इकट्ठा होने लगीं। पूजा स्थल पर उन्होंने कलश स्थापना की, दीपक जलाए और विभिन्न धार्मिक रस्में पूरी कीं। इस दौरान पूजा के लिए विशेष रूप से छह प्रकार के अनाजों गेहूं को छोड़कर और पसहर चावल का उपयोग किया गया। शाम को व्रत खोलने के बाद, उन्होंने अपनी संतान के लिए दीर्घायु और खुशहाल जीवन की प्रार्थना की।

### बासनी नदी को पार करने के दौरान बहे ग्रामीण का तीन दिन बाद मिला शव

**फरसगांव**। थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम देवहरदुली नयापारा निवासी



लच्छिन मंडावी पिता स्व. महंगु राम उम्र 40 वर्ष 10 अगस्त की शाम करीब 6 बजे रिश्तेदार के घर गया हुआ था। वापस आने के दौरान नदी पार करते समय गहरे पानी में डूबकर बह गया। खोजबीन के दौरान वह नहीं मिला। अधेड़ का शव बुधवार को बासनी नाला के किनारे बांस के झाड़ियों में फंसा हुआ था। लुंगी और कपड़े से मृतक की पहचान की गई। फरसगांव थाना पुलिस ने मृतक के शव को निकलकर पोस्टमार्टम बाद शव परिजनों को सौंपा गया है।

# हायर सेकंडरी स्कूल तीतिरगांव के विद्यार्थियों ने निकली तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

**अलग खबर**

13 अगस्त 2025 को शासकीय आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी मध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तीतीरगांव जगदलपुर में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर तिरंगा यात्रा का आयोजन बड़े धूमधाम से किया गया।

सर्वप्रथम संस्था की प्राचार्य वंदना भदोरिया के मार्गदर्शन पर संस्था के समस्त शिक्षकों व छात्र-छात्रा तथा उपस्थित ग्राम वासियों के साथ गांव के प्रमुख मार्गों में सभी हाथों में तिरंगा लेकर तथा देशभक्ति नारों के साथ तिरंगा यात्रा निकाली गई। घर-घर में तिरंगा लगाया गया। तिरंगा यात्रा के पश्चात शाला प्रांगण में एक सभा का आयोजन भी किया गया सभा को संबोधित करते हुए संस्था के वरिष्ठ व्याख्याता गजेंद्र श्रीवास्तव ने तिरंगा को भारत देश का गौरव, बलिदान तथा हर भारतवासी का अभिमान बताया। क्योंकि इस तिरंगे के नीचे हम सब सुरक्षित व सुखी जीवन यापन कर रहे हैं। उन्होंने एक घटना का जिक्र करते हुए तिरंगे का गौरव गाथा करते हुए बताया कि किस तरह विगत वर्ष में रूस तथा यूक्रेन के मध्य युद्ध के दौरान यात्री बस में तिरंगा लगाकर समस्त भारतवासी व अन्य यात्री सुरक्षित बाहर निकाल कर वापस अपने देश पहुंचे। इसलिए तिरंगा हमारे देश की आन, बान और शान है।

## देशभक्ति नारों के साथ छात्र-छात्राओं ने घर-घर में लगाया तिरंगा





### ये रहे उपस्थित

हायर सेकेंडरी स्कूल तीतीरगांव की इस तिरंगा यात्रा के दौरान संस्था के शिक्षक व कर्मचारी सर्व श्रीमती निशा भदोरिया,खुशबू चेरपा,पद्मावती तिवारी, अपर्णा राजपूत, रितु सिंह,बेबीरानी महापात्र,निशा विश्वकर्मा, कुमारी रूपा यादव,अभिषेक सिंह, सुरभि वाजपेई,डिकेश साहू, भाग्यलक्ष्मी नायर,अजय मरकाम आदि उपस्थित रहे।

**घटना :** भैरमगढ़ के इन्द्रावती इलाके में नक्सलियों ने प्लांट किया था बम

# नक्सल अभियान के दौरान प्रेशर आईईडी ब्लास्ट, चपेट में आने से सब इंस्पेक्टर घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- घायल जवान को प्राथमिक उपचार के बाद रायपुर किया गया रेफर

बीजापुर जिले के इन्द्रावती इलाके में नक्सलियों द्वारा प्लांट किए गए प्रेशर आईईडी के ब्लास्ट होने से उसकी चपेट में आने से डीआरजी का सब इंसपेक्टर घायल हो गया। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद पहले जगदलपुर फिर हायर सेंटर रायपुर रेफर किया गया है।

घटना की पुष्टि करते हुए आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि बीजापुर जिले के भैरमगढ़ क्षेत्र स्थित इंद्रावती इलाके में जिला रिजर्व गार्ड डीआरजी की टीम माओवादी विरोधी अभियान पर रवाना हुई थी। अभियान के दौरान 14 अगस्त की दोपहर प्रेशर आईईडी ब्लास्ट होने से बीजापुर डीआरजी के एसआई प्रकाश चट्टी के दाहिने टखने में चोट आई है। आईजी ने बताया कि घायल अधिकारी की स्थिति पूर्णतः सामान्य है तथा वे खतरे से बाहर है। प्राथमिक उपचार उपरांत घायल अधिकारी को घटनास्थल से सुरक्षित निकालकर बेहतर चिकित्सा सुविधा के लिए हायर चिकित्सा केंद्र रवाना किया गया है। अभियान पूर्ण होने के पश्चात विस्तृत जानकारी जारी किया जाएगा।







### माटवाड़ा-कुटरू मार्ग में हुआ ब्लास्ट

यह विस्फोट नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में के माटवाड़ा-कुटरू मार्ग पर उस समय हुआ जब डीआरजी की टीम सर्चिंग अभियान से वापस लौट रही थी। घायल जवान को सुरक्षित विस्फोट स्थल से बाहर निकालकर जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद डिमरापाल मेडिकल कॉलेज फिर हायर सेंटर रायपुर हेलीकाप्टर से रेफर किए जाने की खबर है।

### 47 किमी का सफर तय कर वापस लौट रही थी टीम

बताया जा रहा है कि डीआरजी बीजापुर की टीम 11 अगस्त को नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर भैरमगढ़ से सोनकल के लिए निकली थी। जवानों की टीम लगभग 47 किमी का सफर तय करने के बाद वापस आ रही थी। वापसी के दौरान गोटपाल के करीब सामने चल रहे तीन जवानों के निकलने के बाद चौथे नंबर में चल रहे सब इंस्पेक्टर प्रकाश चट्टी 43 वर्ष का पैर प्रेशर आईईडी पर पड़ गया और ब्लास्ट हुआ। एसआई के घायल होते ही जवानों ने मोर्चा संभाल लिया लेकिन इस दौरान किसी भी प्रकार से कोई गोलीबारी नहीं हुई। जवानों ने तत्काल मोर्चा संभाला लेकिन आसपास नक्सली नहीं थे, जिसके बाद घायल एसआई को जिला अस्पताल ले जाया गया।

# गौ हत्या बंद हो, गौमाता को राज माता घोषित करो : शिवसेना




हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- शिवसेना का गौ रक्षा के लिए चला रही महा हस्ताक्षर अभियान
- समूचे बस्तर संभाग में एक लाख हस्ताक्षर का लक्ष्य

शिवसेना शिंदे गुट जिला प्रमुख राजेश कुकडे ने बताया कि गौ माता की हत्या बंद करने,गौ तस्कर गाड़ी को राजसात करने,गौ हत्या करते पाएं जाने पर हत्या का मामला दर्ज करने,गांव गांव के गौठानो को गौशाला का नाम देकर घुमंतू गौ माता को सुरक्षित रखने एवं कलेक्टर दर पर दो गौ सेवक रखने,गौमाता को राज माता घोषित करने को लेकर जिले के पदाधिकारी डोर टू डोर महा हस्ताक्षर अभियान चला रहे है। उन्होंने बताया शिवसेना प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार ने महा हस्ताक्षर सभी संभागों में करने की शुरुवात की है। जो कि पहले चरण में दुर्ग संभाग में की गई पूरे प्रदेश में शिव सैनिक एवं पदाधिकारी गण घर-घर जाकर एवं प्रमुख चौराहों में स्टॉल लगाकर आम जनता को गौ रक्षा के लिए चलाये जा रहे महा हस्ताक्षर अभियान से जोड़ने का पहल किया जा रहा है।

**इनका रहा योगदान**–बस्तर संभाग अध्यछ ओमकार नाथ द्विवेदी नगर अध्यछ निर्मल शाहू जिला सचिव राजेंद्र साहू जिला प्रवक्ता रणजीत गाँधी मीडिया प्रभारी रवि ठाकुर नगर सचिव श्रवण साहू जगदलपुर ब्लाक अध्यछ बंशिग सेठिया सहसचिव तुलसी महिला सेना जिला अध्यछ पिंकी ठाकुर शिव सेना जिला उपाध्यक्ष हिरा बघेल शिव सेना जिला उपाध्यक्ष अर्जुन सांगतानी का योगदान है।











स्वतंत्रता दिवस
गौरवशाली व खुशहाल 78 वर्ष हमारी स्वतंत्रता के
79 वें स्वतंत्रता दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं
आजादी के अमृत महोत्सव के पावन पर्व पर आइए
हम सभी अपने महान राष्ट्र की समृद्धि और
एकता की रक्षा करने का संकल्प लें
जय हिंद, जय भारत
विनीत- एक शुभचिंतक, जगदलपुर


स्वतंत्रता दिवस के महापर्व पर राष्ट्र सेवा में
अपना सर्वस्व अर्पण करने वाले सभी अमर
बलिदानियों को कोटि-कोटि नमन।
जय हिंद, जय भारत
जनपद पंचायत बस्तर
विश्व में गूंज रही भारत के गौरव की कहानी,
गर्व है हमें हमारी पहचान पर, कि हम सब है हिंदुस्तानी
समस्त प्रदेशवासियों को
साहस, गौरव और शौर्य के प्रतीक, राष्ट्रीय पर्व
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
संतोष बघेल
अध्यक्ष
जनपद पंचायत बस्तर
जयबती कश्यप
उपाध्यक्ष
जनपद पंचायत बस्तर
जनपद पंचायत बस्तर के सदस्यगण
जनपद सदस्यगण अगरबती पटेल, विनिता ठाकुर, गौरव कश्यप, जमुना ठाकुर, अनिता जोशी, अनिता बघेल, मानसिंह कवासी, सूरज कश्यप, समली कश्यप, रुखमनी कश्यप, दुर्गावती मारकण्डे, रायधर दीवान, मांहगी कश्यप, बुधूराम बघेल, लक्ष्मण मौर्य, ललिता बघेल, प्रवीण कुमार मौर्य, चईत राम कश्यप, कश्यप सुकमती, बघेल हेमराज, गजेन्द्री बघेल, गजेन्द्र सिंह ठाकुर।

सामूहिक पूजन कर हलषष्ठी महारानी की कथा सुनी और की आरती

# संतान की लंबी आयु के लिए माताओं ने मनाया हलषष्ठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



बस्तर अंचल में गुरुवार को माताओं ने संतान की लंबी आयु के लिए हलषष्ठी याने कमरछठ का उपवास रख व नियत स्थान पर सगरी बनाकर पूजन किए व पसहर चावल का खिचड़ी खाकर व्रत का परायण की। नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में भी माताओं ने विधिवत पूजा अर्चना की। हलषष्ठी व्रत संतान की लंबी आयु के लिए माताओं द्वारा रखा जाता है। गुरुवार को माताएं यह व्रत रखकर व नियत स्थानों में एकत्रित होकर मिट्टी का सगरी, गौ-माता, बलराम व नाव-नाविक बनाकर विशेष प्रकार के सामान से पूजा अर्चना आरती करते हुए कथा का श्रवण किए। इस पर्व में विशेष प्रकार के पूजन सामग्री लाई, महुआ के फल, दोना-पत्तल, दातौन, पसहर चावल, छह प्रकार की भाजी, काशी फूल, कमल फूल, भैंसा का दूध, दही, घी, नारियल, छुही का उपयोग पूजन में किए। व्रत धारी महिलाएं निश्चित स्थान पर एकत्रित होकर सामूहिक पूजन कर हलषष्ठी महारानी का कथा सुने फिर आरती एवं प्रसाद वितरण के बाद अपने बच्चों को सिंदूर का तिलक लगाकर छुही से पोता मारते हुए लंबी उम्र का आशीर्वाद दिया। रात्रि में विशेष प्रकार के पसहर चावल से बनी खिचड़ी का प्रसाद ग्रहण कर व्रत का परायण किया। संतान प्राप्ति और बच्चों की लंबी आयु के लिए इसे मनाया जाता है। धार्मिक कथाओं में कमरछठ व्रत कथा का वर्णन है, इसे हलषष्ठी के नाम से भी जाना जाता है। इस कारण हल से जोत कर उत्तपादित सामग्री का उपयोग नहीं किया जाता है। विशेष प्रकार के चावल, महुआ फल, पत्ता, दातौन, काशी फूल, कमल फूल का उपयोग पूजन सामग्री में होता है। व्रतधारी महिलाएं निश्चित स्थान पर एकत्रित होकर मिट्टी का सगरी नाव और नाविक बनाती हैं जहां सामूहिक पूजन कर हलषष्ठी महारानी की कथा सुनी। इसके पूजन व उपवास में भैंसा का दूध, दही, घी, नारियल और फूल के साथ सुबह से उपवास रखती हैं। रात्रि में पसहर चावल से बना खिचड़ी व छह प्रकार की भाजी से बना सब्जी का भोजन कर व्रत तोड़ते हैं।

- पसहर चावल से बनी खिचड़ी का प्रसाद ग्रहण कर व्रत का परायण किया

## व्रत से कष्ट व बाधाएं होतीं हैं दूर

व्रत धारी मीरा हिरवानी, भूमिका निर्मलकर, गूंजा साहू ने बताया कि भारतवर्ष में संतान की लंबी आयु और परिवार की खुशहाली के लिए मनाया जाने वाला पर्व हलषष्ठी कमर छठ का त्यौहार जगदलपुर में महिलाओं ने पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया। इस दौरान महिलाएं सुबह से व्रत रखकर पूजा अर्चना किया, जिसमें शिव, पार्वती, गणेश, कार्तिकेय की पूजा की जाती है, माताएं इसमें सगरी तालाब बनाकर दो भागों मे गड्ढे करके भगवान की पूजा अर्चना करती है। प्राचीन काल से ये मान्यताएं है कि परिवार की महिलाएं द्वारा इस व्रत को रखने से बच्चों एवं परिवार में आने वाले कष्ट एवं बाधाएं दूर होती है।

# फसल कटाई प्रयोग, गिरदावरी व फसल बीमा योजना का प्रशिक्षण

अधिकारियों को जमीनी स्तर पर कार्यप्रणाली की बारीकियां समझाई



**जगदलपुर।** कलेक्टोरेट के प्रेरणा कक्ष में गुरुवार को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु फसल कटाई प्रयोग और टीआरएस गिरदावरी पर संभाव्य न्यादर्श पद्धति के माध्यम से गहन सैद्धांतिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। सैद्धांतिक सत्र के उपरांत दोपहर 2 बजे से 3 बजे के बीच स्थानीय हेराल्ड चैपल मैदान में व्यावहारिक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया, जिसमें अधिकारियों को जमीनी स्तर पर कार्यप्रणाली की बारीकियां समझाई गईं। प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपायुक्त भू-अभिलेख कार्यालय रायपुर से आए सहायक आयुक्त (सांख्यिकी) हारमोन टोप्पो और प्रदीप कुमार, राजस्व निरीक्षक उपस्थित रहे। साथ ही राष्ट्रीय सांख्यिकी निदेशालय रायपुर के वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी रोशन कुमार भी मौजूद थे। इस महत्वपूर्ण प्रशिक्षण में जिले के प्रभारी अधिकारी भू-अभिलेख, अधीक्षक भू-अभिलेख, सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख, तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित जिले के समस्त राजस्व निरीक्षक और पटवारी गण उपस्थित रहे।










## खबर संक्षेप

### पंडरीपानी कालोनी में हाऊसिंग बोर्ड ने किया पौधरोपण



**जगदलपुर।** पर्यावरण को बचाने के लिए हाऊसिंग बोर्ड ने हाल ही में पंडरीपानी कालोनी में फलदार, फूलदार, छायादार पौधों का रोपण किया। साथ ही कालोनीवासियों को कहा कि रोपण किए गए पौधों को सुरक्षित करें। इस अवसर पर हाऊसिंग बोर्ड जगदलपुर प्रक्षेत्र के अपर आयुक्त एचके वर्मा, उपायुक्त जीपी प्रजापति, कार्यपालन अभियंता एमके सोम, केके कश्यप, एसडीओ केयूर वैद्य तथा समस्त अधिकारी, कर्मचारी, कालोनीवासी शामिल रहे।

### एयरपोर्ट में हुआ आत्मीय स्वागत



**जगदलपुर ।** स्थानीय मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट में केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री, विधायक जगदलपुर और विधायक तखतपुर का गुरुवार को जगदलपुर आगमन पर जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ अधिकारियों ने आत्मीय स्वागत किया। ज्ञात हो कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बस्तर जिले के मुख्य कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू शामिल होंगे, जबकि विधायक किरण सिंह देव जिला दंतेवाड़ा के मुख्य अतिथि हैं और विधायक तखतपुर धरमजीत सिंह जिला सुकमा में स्वतंत्रता दिवस के मुख्य अतिथि हैं। एयरपोर्ट में इस दौरान विधायक चित्रकोट विनायक गोयल, महापौर संजय पाण्डे, पूर्व विधायक बैदूराम कश्यप सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ ही कलेक्टर हरिस एस.,एसपी शलभ कुमार सिन्हा, अपर कलेक्टर ऋषिकेश तिवारी, प्रवीण वर्मा और अन्य अधिकारियों द्वारा स्वागत किया गया।

### नगर सैनिक भर्ती अभियान का परिणाम जारी

**जगदलपुर।** बस्तर संभाग के जिला बस्तर में आवासीय बालिका आश्रम एवं छात्रावासों में बालिकाओं के सुरक्षा व्यवस्था हेतु बस्तर संभाग के सातों जिलों के कुल 705 महिला नगर सैनिकों की भर्ती कार्यवाही पूर्ण कर 9 अगस्त को चयन सूची तथा प्रतिक्षा सूची को विभागीय वेबसाइट में अपलोड किया गया है। महिला नगर सैनिकों के भर्ती परीक्षा परिणाम अभ्यर्थियों द्वारा वेबसाइट में अवलोकन किया जा सकता है।

# दुर्घटना में आकस्मिक मौत रोकने सार्थक प्रयास करने पर बल

## एएसपी ने गौरक्षा, मद्यपान, नशाखोरी, सायबर फ्राड, नए कानून व यातायात नियमों की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

जिले के नगरनार थाना में पुलिस द्वारा सामुदायिक पुलिसिंग के तहत जन जागरूकता अभियान चलाते हुए सरपंच, सचिव व कोटवार सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान गौरक्षा के अलावा सामाजिक बुराई मद्यपान, नशाखोरी, सायबर फ्राडख नए कानून, महिलाओ एवं बच्चो की सुरक्षा, यातायात नियम में विशेष कर दुपाहियो वाहन चलाते समय हेलमट के उपयोगिता समझाते जानकारी दी गई।

एएसपी माहेश्वर नाग व सीएसपी सुमीत कुमार डी धोत्रे द्वारा मौजूद जनप्रतिनिधियों व गणमान्य नागरिकों को सामाजिक बुराईयों की रोकथाम के अलावा रोड एक्सीडेंट में कमी लाने साझा प्रयास करने पर बल दिया गया। अधिकारियों के अलावा सम्मेलन में थाना नगरनार क्षेत्र के पंचायतों के सरपंच, उपसरपंच, सचिव व कोटवार के अलावा गौ सेवक व बजरंग दल के पदाधिकारी भी शामिल हुए। अधिकारियों ने सड़क हादसों में होने वाले आकस्मिक मौतों को रोकने जन जागरूकता चलाकर सार्थक प्रयास करने सुझाव दिया गया। मौजूद लोगों को गौरक्षा के अलावा सामुदायिक पुलिसिंग के तहत सामाजिक बुराई मद्यपान, नशाखोरी, सायबर फ्राड, नए कानून, महिलाओं एवं बच्चो की सुरक्षा, यातायात नियम में विशेष कर दुपाहियो वाहन चलाते समय हेलमट के उपयोगिता समझाते हुये उपरोक्त विषयो पर जानकारी दी गई।

गौरतलब है कि जिले के सभी थाना एवं चौकी क्षेत्रों में एसपी शलभ कुमार सिन्हा के निर्देश पर सामुदायिक पुलिसिंग के तहत अभियान चलाया जा रहा है। सम्मेलन में विभिन्न पचायतां के सरपंच, उपसरपंच, सचिव व कोटवार के अलावा गौसेवक, बजरंग दल के पदाधिकारी रवि ब्रम्हचारी, मुन्ना बजरंगी, भरत बघेल. जागेश्वर साहु नवीन देवांगन विष्णु ठाकुर, रोहित घोष, पवन राजा एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।



### गौवंशो की रक्षा करने मांगे सुझाव

सम्मेलन में मौजूद एएसपी व सीएसपी द्वारा जनप्रतिनिधियों व गौरक्षकों व बजरंग दल के पदाधिकारियों से गौरक्षा के लिए सुझाव मागें गए। ग्राम पंचायतों के सरपंचो, बजरंग दल के पदाधिकारियो एवं गौसेवको के द्वारा गौ रक्षा, मवेशियो के रोड एक्सीडेंट से होने वाले आकस्मिक मृत्यु को रोकने लोगो में जन जागरूकता लाकर सार्थक प्रयास करते हुये गौवंश की रक्षा करने सुक्षाव मांगते हुए समझाईस दी गई। गौवशों की रक्षा के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत से अलग अलग दिवस में राष्ट्रीय राजमार्ग पर रात्रि गश्त कर लावारिस घुम रहे गौवंश को सुरक्षा प्रदान कर सुरक्षा व उचित व्यवस्था करने जोर दिया गया।

## विभाजन विभिषिका स्मृति दिवस पर ऐतिहासिक विभाजन की त्रासदी को याद किया गया

# विभाजन के समय की सच्चाई आज भी हमें झकझोरती है : किरण देव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर




■ देश के विभाजन में लाखों लोग हिंसा के शिकार हुए : साहू

भारतीय जनता पार्टी ने गुरुवार को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाया और 14 अगस्त 1947 को देश के बंटवारे के दौरान विस्थापन का दर्द झेलने वाले लाखों लोगों को याद किया। सिरहासार भवन में आयोजित विभाजन विभिषिका स्मृति दिवस के अवसर पर विभाजन की विभीषिका और उस दौर में देश व देशवासियों के भीषण दर्द को दिखलाती चित्र प्रदर्शनी एवं संगोष्ठी कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं केन्द्रीय मंत्री तोखन साहू शामिल हए ।

देव ने अपने संबोधन में विभाजन की त्रासदी और इससे जुड़े ऐतिहासिक तथ्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आंकड़े कभी झूठ नहीं बोलते और विभाजन के समय की सच्चाई आज भी हमें झकझोरती है। कांग्रेस पार्टी के निर्णय और कुछ लोगों की जिद देश के विभाजन का कारण बनी। तुष्टिकरण की राजनीति की शुरूआत यहीं से हुई और इसका असर आज तक देखा जा सकता। भाजपा का राष्ट्र प्रथम का सिद्धांत इस बात को प्रमुखता से रखता है कि देश का हित सर्वोपरि है। आज देश के प्रत्येक नागरिक को देश के विभाजन की विभिषका के दर्द व दुख के उस भीषण दौर से परिचित होना चाहिये।

तोखन साहू ने अपने संबोधन में कहा कि विभाजन 1947 में हुआ, लेकिन इसका दर्द आज भी लोगों के दिलों में जिंदा है। लाखों लोगों को हिंसा और नफरत के कारण अपने घरों को छोड़कर दूसरी जगहों पर जाना पड़ा। यह दिवस उन लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करने का समय है जिन्होंने अपना जीवन न्योछावर कर दिया। जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने भी संबोधन दिया और कार्यक्रम की प्रस्तावना रखी। संचालन जिला मंत्री नरसिंह राव ने किया।

इस अवसर पर चित्र प्रदर्शनी लगायी गयी, साथ ही चलचित्र भी दिखाया गया। जिसमें विभाजन की विभीषिका और इससे जुड़ी महत्वपूर्ण घटनाओं को दशार्या गया। उपस्थित अतिथियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और इस ऐतिहासिक दिवस की स्मृतियों को ताजा किया।

इस कार्यक्रम में पूर्व विधायक संतोष बाफना, ब्रेवरेज कार्पोरेशन अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी, प्रदेश प्रवक्ता शिवनारायण पाण्डेय,रुप सिंह मण्डावी, दीपेश अरोरा,महापौर संजय पाण्डेय, निगम अध्यक्ष खेम सिंह देवांगन, योगेन्द्र पाण्डेय, श्रीनिवास मिश्रा, आनंद मोहन मिश्रा, रजनीश पाणिग्रही, प्रकाश झा, अविनाश श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## मंत्री और विधायक ने मोटरसाइकिल चलाकर तिरंगा यात्रा का किया नेतृत्व



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या में आज भारतीय जनता पार्टी ने शहर में तिरंगा यात्रा मोटर साइकिल रैली निकाली। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं केन्द्रीय मंत्री तोखन साहू ने स्वयं मोटर साइकिल चलाते हुये तिरंगा यात्रा का नेतृत्व किया। दंतेश्वरी मंदिर के सामने से निकलकर सैकड़ों कार्यकर्तार्ओं के द्वारा लगाये जा रहे भारत माता के गगनभेदी जयघोष व देशभक्ति गीतों के साथ भाजपा की तिरंगा यात्रा शहर के प्रमुख मार्गो तक पहुंची और अमर जवान शहीद स्मारक पहुंच कर संपन्न हुई।

■ दंतेश्वरी मंदिर से शुरू होकर शहर के मुख्य मार्गो से गुजरी, देशभक्ति का बना माहौल

तिरंगा यात्रा में जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय, पूर्व विधायक संतोष बाफना,प्रदेश प्रवक्ता शिवनारायण पाण्डेय, महापौर संजय पाण्डेय, निगम अध्यक्ष खेम सिंह देवांगन,योगेन्द्र पाण्डेय, श्रीनिवास मिश्रा, श्रीधर ओझा, रजनीश पाणिग्रही, नरसिंह राव, आनंद मोहन मिश्रा, आर्येन्द्र आर्य, सुरेश गुप्ता, राजेन्द्र बाजपेयी, संग्राम सिंह राणा, निर्मल देवांगन, पश्चिमी नगर मण्डल अध्यक्ष प्रकाश झा, पूर्वी नगर मण्डल अध्यक्ष अविनाश श्रीवास्तव सहित कार्यकर्ता व पदाधिकारी शामिल रहे।

# जीएडी आवास निर्माण कार्य पूरा करने में ठेकेदार को लगे 6 वर्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ आयुक्त के तीखे तेवर के 7 माह बाद पूर्ण हुआ ऊसूर जीएडी आवास का निर्माण

■ हाऊसिंग बोर्ड प्रक्षेत्र के अपर आयुक्त व उपायुक्त ने किया आवास का निरीक्षण



बस्तर संभाग अंतर्गत बीजापुर जिले के बीजापुर, भैरमगढ़, भोपालपट्नम एवं ऊसूर (आवापल्ली) में हाऊसिंग बोर्ड की ओर से सामान्य प्रशासन विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों हेतु जीएडी आवास भवनों के निर्माण कार्य में ठेकेदार दुर्ग के अ श्रेणी ठेकेदार मेसर्स एनके कंस्ट्रक्शन द्वारा 4 सितंबर 2017 अनुबंध किया जिसे 3 मार्च 2019 को निर्माण का पूर्ण होना था, लेकिन 5 वर्ष में भी कार्य नहीं किया था। ठेकेदार की मनमानी के चलते जनवरी में बोर्ड के आयुक्त के तीखे तेवर के 7 माह बाद यानि 6 वर्ष बाद ही आवास का निर्माण कार्य पूरा किया। हाल ही में बोर्ड के अपर आयुक्त एचके वर्मा ने उपायुक्त जीपी प्रजापति, कार्यपालन अभियंता पंकज मिश्रा एवं केके कश्यप के साथ ऊसूर (आवापल्ली) में सामान्य प्रशासन विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों हेतु जीएडी आवास भवनों के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान देखा कि ठेकेदार ने उक्त आवास को पूर्ण किया, जिसकी सूचना अपर आयुक्त ने बीजापुर के कलेक्टर एवं बोर्ड के मुख्यालय को सूचना दी।

### निलंबित अधिकारी हुए बहाल

गृह निर्माण मण्डल मुख्यालय के आदेश के माध्यम से संभाग जगदलपुर जिला बीजापुर के सभी ब्लॉक में शासकीय अधिकारियों, कर्मचारियों हेतु जीएडी आवास भवनों के निर्माण कार्य के अंतर्गत भैरमगढ़, भोपालपट्टनम एवं उसूर (आवापल्ली) ब्लॉक के कार्य में 5 वर्ष से अधिक विलंब होने व कार्य प्रगति संतोषजनक नहीं होने के कारण कार्यपालन अभियंता (सिविल) सीके ठाकुर को निलंबित किया गया था। निर्माण कार्य पूर्ण होने पर आयुक्त ने 11 अगस्त को सीके ठाकुर को निलंबन से बहाल कर कोरिया में पदस्थ किया।

### गुणवत्ता पर कोई समझौता नहीं

हाऊसिंग बोर्ड प्रक्षेत्र जगदलपुर के अपर आयुक्त एचके वर्मा ने निरीक्षण में कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता पर कोई समझौता नहीं करेंगे। उन्होंने बताया कि बस्तर संभाग के तीन डिवीजन में निर्माणाधीन कार्यों का समय-समय पर निरीक्षण कर ठेकेदारों को निर्देश दिए जा रहे है।

## विद्या ज्योति स्कूल के नन्हें बच्चे बने कान्हा...




**जगदलपुर।** आजादी पर्व के बाद जन्माष्टमी का पर्व होगा । अवकाश के चलते जन्माष्टमी का पर्व कुछ शालाओं में आज मनाया गया । मिशनरी संस्था द्वारा संचालित शहर के विद्या ज्योति स्कूल में नन्हें बच्चे भगवान कृष्ण का रूप धारण किए हुए थे। पीले वस्त्र में सजे बच्चों को उनकी माताओं, बहनों ने कान्हा, बाल गोपाल, गोविन्दा या कृष्ण जो भी कहें उनकी लीलाएं अपरंपार है। मासूम बच्चे कृष्ण बनकर स्कूल पहुंचे तो शाला परिसर कृष्णमय हो गया। एक बच्चे के पिता सोनित महापात्र ने हरिभूमि से चर्चा में कहा कि शालाओं में इस तरह के धार्मिक आयोजन होते रहना चाहिए। बच्चों को भी पढ़ाई के अलावा अन्य शिक्षाप्रद जानकारी मिलती है। बच्चों का मन भी उत्साह से भर जाता है।

# नन्हें बच्चों ने हाथ में तिरंगा लेकर लगाए देशभक्ति के नारे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

आजादी के अमृत महोत्सव और स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर गुरु गोविंद सिंह वार्ड में मोर तिरंगा मोर अभियान के अंतर्गत भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस यात्रा का उद्देश्य देशभक्ति की भावना को प्रोत्साहित करना और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। अघनपुर प्राथमिक शाला एवं कंगोली प्राथमिक शाला के छात्र-छात्राओं ने हाथों में तिरंगा थामकर रैली की शुरूआत की। यात्रा में महापौर संजय पांडे एवं निगम अध्यक्ष खेम सिंह देवांगन, पूर्वी मंडल नगर अध्यक्ष अविनाश श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

■ अघनपुर एवं कंगोली प्राथमिक शाला के छात्र, छात्राएं हुए शामिल

महापौर ने कहा यह अभियान राष्ट्रभक्ति की भावना जगाने एवं स्वतंत्रता संग्राम के बलिदानों को याद करने का माध्यम है। निगम अध्यक्ष ने कहा राष्ट्रीय ध्वज के प्रति गौरव एवं सम्मान की भावनाओं को बढ़ावा देना एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक करना है। वार्ड पार्षद संग्राम सिंह राणा ने कहा राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान को घर-घर तक पहुंचाना हमारा कर्तव्य है। यह आयोजन वार्ड पार्षद संग्राम सिंह राणा के मार्गदर्शन में बूथ अध्यक्ष बंटू पांडे और सुरेश कश्यप के सहयोग से संपन्न हुआ। इस तिरंगा यात्रा में सुधा मिश्रा, ममता सिंह राणा, लक्ष्मी कश्यप, बिजली बैध, नीलम यादव,रमा सवनक,रोहित बैस, शशि नाथ पाठक, रोशन झा, रंजीता पानीग्राही, उमेश गुप्ता, राजेश सिंह, शशांक श्रीवास्तव, अजय सेठिया, करण शर्मा, शरद गुप्ता, प्रधान अध्यापक माध्यमिक शाला अघनपुर चिंता राम मेश्राम, प्रधानअध्यापिका प्राथमिक शाला चंद्राकला मौर्य, पुष्पा टंडन सहित जनप्रतिनिधि कार्यकर्ता शिक्षक शिक्षिकाएं और छात्र छात्राएं बड़ी संख्या में शामिल हुए।











# एनएमडीसी के मुख्य महाप्रबंधक ने हरी झंडी दिखाकर किया बस को रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर




भारत की सबसे बड़ी लौह अयस्क उत्पादक कंपनी एनएमडीसी लिमिटेड के बचेली परियोजना द्वारा अपने नैगम सामाजिक दायित्व (सीएसआर) पहल के तहत छत्तीसगढ़ के बस्तर और दंतेवाड़ा जिलों के कुल 90 (68 छात्राओं एवं 22 छात्रों) अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों के लिए एक नई योजना के तहत अपोलो यूनिवर्सिटी, चित्तूर के साथ निःशुल्क शिक्षा प्रदान करने हेतु प्रायोजित किया। एनएमडीसी, बचेली द्वारा सीएसआर कार्यकलाप के अंतर्गत इस पहल में अपोलो यूनिवर्सिटी, चित्तूर में इन सभी छात्र- छात्राओं को कुल 6 पाठ्यक्रमों यथा बीएससी इमरजेंसी मेडिकल टेक्नोलॉजी, बीएससी मेडिक लेबोरेटरी टेक्नोलॉजी, बीएससी एनेस्थीसियोलॉजी एंड ऑपरेशन थिएटर टेक्नोलॉजी, बीएससी इमेजिंग टेक्नोलॉजी, बीएससी फिजिशियन असिस्टेंट तथा बीएससी रिनल डायलिसिस टेक्नोलॉजी जैसे कोर्सों में अध्ययन हेतु अपोलो यूनिवर्सिटी चित्तूर पहुंचने के लिए एनएमडीसी बचेली के मुख्य महाप्रबंधक श्रीधर कोडाली ने बुधवार सुबह 10.30 बजे हरी झंडी दिखाकर बसों को रवाना किया। इस अवसर पर एनएमडीसी बचेली के मुख्य महाप्रबंधक ने सभी बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) महेश एस नायर, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) सीएसआर जोसी थॉमस, उप महाप्रबंधक (सिविल) केपी बनसोड़, डॉ. अरविंद पांडे, सीएमओ, एनएमडीसी अपोलो अस्पताल बचेली, चंद्र कुमार मंडावी, अध्यक्ष एवं आशीष यादव सचिव, एमएमडबल्यूयू, गजेंद्र रात्रे, अध्यक्ष एवं प्रदीप बघेल सचिव, अनुसूचित जाति, जनजाति एसोसिएशन, अशोक नाग, सचिव, आदिवासी संघ तथा सीएसआर विभाग के अभिषेक देहरिया एवं दुष्यन्त प्रियदर्शी आदि कर्मचारियों की उपस्थिति रही।




## खबर संक्षेप

### स्वतंत्रता दिवस पर अमृत सरोवरों में होगा ध्वजारोहण



**कोण्डागांव**। भारत सरकार के निर्देशों के अनुसार, इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिले के सभी अमृत सरोवरों में ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इन सरोवरों में ध्वजारोहण के साथ–साथ वृक्षारोपण, सफाई अभियान और जलवायु एवं जल साक्षरता पर जागरूकता कार्यक्रम भी चलाए जाएंगे। कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना और सीईओ अविनाश भोई के मार्गदर्शन में, केशकाल जनपद के ग्राम पंचायत डोहलापारा में स्थित शहीद लखनलाल अमृत सरोवर में एक तिरंगा रैली निकाली गई। इसमें ग्रामीण, स्कूली बच्चे और महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। इसी तरह, ग्राम पंचायत खाल्हेमुवेंर्ड और बहिगांव में स्थित स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम स्कूल में जलवायु और जल साक्षरता पर आधारित चित्रकला और निबंध प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इसके अलावा, शहीद विक्रम यादव अमृत सरोवर, निराछिन्दली में भी सफाई अभियान चलाया गया, जिसमें स्थानीय ग्रामीणों ने सक्रिय रूप से हिस्सा लिया। इस अवसर पर जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनुराग सिन्हा और कार्यक्रम अधिकारी अभिषेक राठोर, गणमान्य नगरिक एवं स्कूली बच्चे उपस्थित रहे।

### फरसगांव में सूक्ष्म खाद्य उद्योग के लिए लगी जागरुकता कार्यशाला



**कोण्डागांव**। प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के तहत आज जनपद पंचायत फरसगांव में एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य खाद्य पदार्थों के निर्माण और स्थानीय स्तर पर खाद्य उद्योग स्थापित करने के लिए स्व–सहायता समूहों और अन्य लोगों को मार्गदर्शन देना था। इस कार्यशाला में मुख्य रूप से महिला स्व–सहायता समूहों के सदस्यों ने हिस्सा लिया। उन्हें खाद्य उद्योग की स्थापना की प्रक्रिया, निर्माण और इसके लाभों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र की सहायक प्रबंधक श्रीमती नम्रता एल्मा, जनपद पंचायत फरसगांव के सीईओ रूपेन्द्र नेताम, भारतीय स्टेट बैंक के कमलेश मरकाम और एनआरएलएम की बीपीएम श्रीमती विजया साहू सहित अन्य अधिकारी व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### स्वतंत्रता दिवस समारोह में विधायक उसेण्डी करेंगी ध्वजारोहण

**कोण्डागांव**। जिले में 15 अगस्त को हर्षोल्लास के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाया जाएगा। जिला स्तरीय मुख्य समारोह कोंडागांव स्थित विकास नगर स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। समारोह में बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोण्डागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित होंगी और सुबह 9 बजे ध्वजारोहण करेंगी।

### स्वतंत्रता दिवस पर कोंडागांव में रहेगा शुष्क दिवस

**कोण्डागांव**। राज्य सरकार के निर्देशानुसार, 15 अगस्त 2025 को स्वतंत्रता दिवस के राष्ट्रीय पर्व के अवसर पर कोंडागांव जिले में शुष्क दिवस घोषित किया गया है। इसका मतलब है कि इस दिन सभी देशी और विदेशी शराब दुकानें बंद रहेंगी। कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने जिले के सभी देशी, विदेशी शराब की फुटकर दुकानों और अहातों को स्वतंत्रता दिवस के दिन पूरी तरह से बंद रखने का आदेश दिया है। इसके साथ ही, उन्होंने अवैध शराब की बिक्री, भंडारण और परिवहन पर कड़ी निगरानी रखने के भी निर्देश दिए हैं। इस कदम का उद्देश्य पर्व की पवित्रता और कानून–व्यवस्था को बनाए रखना है।

# बच्चे बने कृष्ण- राधा, लीला से भक्ति और आनंद से वातावरण हुआ सरोबार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जन्माष्टमी पर स्थानीय चावरा हायर सेकेंडरी स्कूल परिसर में कृष्ण बनाओ, राधा सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एलकेजी एवं यूकेजी के नन्हे–मुन्ने बच्चों ने भगवान श्रीकृष्ण एवं राधा के विविध मनमोहक वेशभूषा में मंच पर प्रवेश किया। उनकी झांकी एवं लीलाओं से पूरा स्कूल प्रांगण भक्ति और आनंद के वातावरण से सराबोर हो उठा। मंच पर हाथी–घोड़ा–पालकी, जय कन्हैया लाल की के जयकारों से पूरा माहौल गुंजायमान हो गया। स्कूल की प्राचार्या सिस्टर सिसिलिया ने सभी को जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने श्रीकृष्ण के जीवन से प्रेरणा लेते हुए सर्वधर्म समभाव, कर्तव्यनिष्ठा और योग के माध्यम से निष्काम कर्म की महत्ता पर प्रकाश डाला।

**ये रहे उपस्थित-** कार्यक्रम के सफल संचालन एवं सजावट में लव नारायण पांडे, भावेश दीक्षित, साकेत साहू और अनूप अग्रवाल का विशेष योगदान रहा। प्रतियोगिता का मूल्यांकन करने के लिए जज के रूप में श्रीमती रश्मि शुक्ला, रेणु शर्मा, सिस्टर सोजी, सिस्टर रीना और रामप्रसाद शर्मा उपस्थित रहे। मंच संचालन की जिम्मेदारी समीक्षा सुरुजाल, विनीता एवं धर्मेन्द्र यदु ने निभाई। इस अवसर पर सपन मुखर्जी, सुभाष नायडू, हितेंद्र सिंह, ललित झोड़े, भावेश पटेल, निवास रेड्डी, अंकित राजपूत, श्रीमती अंशुमति पांडेय, कल्याणी, श्रीवास, मेहर रिज़वी, जिशा चेरियन, विजय लक्ष्मी, प्रमिला कोर्राम, सिस्टर ख़्सलिस्ता सहित अभिभावक एवं पालकों का भी विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

## चावरा हायर सेकेंडरी स्कूल में धूमधाम से मना जन्माष्टमी पर्व

### प्रतिभागियों का किया सम्मान

कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। बच्चों के उत्साह एवं सृजनात्मक प्रस्तुति की सराहना करते हुए आयोजन को हर वर्ष और भी भव्य रूप से मनाने का संकल्प लिया गया।





## नशे से दूर रहने का लिया संकल्प, साक्षरता अभियान में भाग लेने की अपील

# स्वतंत्रता दौड़ से युवाओं ने दिया एकता और सद्भावना का संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

स्वतंत्रता दिवस के एक दिन पहले, कोण्डागांव जिला मुख्यालय में हर साल की तरह इस बार भी स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन किया गया। नगरपालिका अध्यक्ष नरपति पटेल और कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने हरी झंडी दिखाकर इस दौड़ की शुरुआत की। इस दौड़ में जनप्रतिनिधि, प्रशासन के अधिकारी, कर्मचारी, बड़ी संख्या में युवा, स्कूली बच्चे और आम नागरिक शामिल हुए। प्रतिभागियों ने विकास नगर स्टेडियम से जय स्तंभ चौक तक और फिर वापस स्टेडियम तक दौड़ लगाकर देश की स्वतंत्रता और अखंडता को बनाए रखने का संदेश दिया। इस अवसर पर एसपी वाय अक्षय कुमार, नगरपालिका उपाध्यक्ष जसकेतू उसेंडी और पूर्व विधायक मोहन मरकाम सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। नगरपालिका अध्यक्ष श्री पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि इस दौड़ के माध्यम से सभी प्रतिभागियों ने देश की एकता के लिए एकजुट होने का संदेश दिया है। इस मौके पर सभी ने नशे से दूर रहने का संकल्प भी लिया। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे नशे से दूर रहें और देश के विकास में अपनी भागीदारी निभाएं।

### उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम और बोनस अंक की योजना

इस कार्यक्रम में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत उन लोगों को शिक्षित करने की अपील की गई, जो औपचारिक शिक्षा से वंचित रह गए हैं। इसके अलावा, छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की एक विशेष योजना के बारे में भी जानकारी दी गई। इस योजना के अनुसार, जो छात्र 10 निरक्षर लोगों को बुनियादी शिक्षा देकर उन्हें साक्षरता मूल्यांकन परीक्षा में सफल कराते हैं, उन्हें 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा में 10 बोनस अंक दिए जाएंगे।




### जैतपुरी में निकाली गई तिरंगा रैली

कोण्डागांव। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, जैतपुरी के छात्रें, एनएसएस स्वयंसेवकों और शिक्षकों ने मिलकर हर घर तिरंगा अभियान के तहत गाँव में एक तिरंगा रैली निकाली। इस रैली के दौरान विजयी विश्व तिरंगा प्यारा जैसे देशभक्ति के नारे गूंज रहे थे, जिससे पूरे गाँव में जोश और उत्साह का माहौल बन गया। रैली का उद्धेश्य ग्रामीणों को अपने–अपने घरों पर सम्मान के साथ तिरंगा फहराने के लिए जागरूक करना था। प्राचार्य उमाशंकर साहू ने राष्ट्रीय ध्वज को देश की आन–बान–शान का प्रतीक बताया। कार्यक्रम अधिकारी ब्रजेश तिवारी ने छात्रें और ग्रामीणों को हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान को सफल बनाने के लिए प्रेरित किया। इस रैली में स्कूली छात्रओं, एनएसएस स्वयंसेवकों और सभी शिक्षक–शिक्षिकाओं की सक्रिय भागीदारी रही।

# चिचाड़ी में 'हर घर तिरंगा अभियान' में स्वच्छता, हरियाली और जागरुकता का दिया संदेश




**कोण्डागांव**। राष्ट्रीय अभियान हर घर तिरंगा अभियान के तहत, कोण्डागांव जिले के बड़े राजपुर विकासखंड के ग्राम चिचाड़ी में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के संदेश को ध्यान में रखते हुए, ग्रामवासियों ने इसमें उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम में सिंगल–यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभाव, गाँव की साफ–सफाई के महत्व और जल स्त्रोतों के संरक्षण जैसे विषयों पर चर्चा हुई। उपस्थित सभी लोगों ने मिलकर गाँव को स्वच्छ और प्लास्टिक–मुक्त बनाने, जल संसाधनों की रक्षा करने और दूसरों को भी प्रेरित करने का संकल्प लिया। इसके बाद, ग्रामीणों ने मिलकर पंचायत भवन, स्कूल और ओवरहेड टैंक के आसपास सफाई अभियान चलाया और वृक्षारोपण भी किया, जिससे हरित वातावरण का संदेश दिया गया। दिन के अंत में, एक जागरूकता रैली भी निकाली गई, जिसमें ग्रामीणों ने नारों और संदेशों के माध्यम से स्वच्छता, जल संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा का आह्वान किया। ग्राम सरपंच श्रीमती लोकेश्वरी चंद्रवंशी ने कहा, गाँव की स्वच्छता और हरियाली सिर्फ आज के लिए नहीं, बल्कि हमारे आने वाले कल की सुरक्षा है। उन्होंने सभी से मिलकर प्रयास करने की अपील की ताकि उनका गाँव आने वाली पीढ़ियों के लिए एक उदाहरण बन सके। इस आयोजन को सफल बनाने में जल जीवन मिशन, कोण्डागांव से सुहानी बक्शी, हेमलता यादव और मितलेश साहू उपस्थित रहे।

# न्यायरक्षक विधिक सहायता पात्रता की शर्तों को समझें, दायित्वों का करें पालन



**कोण्डागांव**। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष श्रीमती किरण चतुर्वेदी की अध्यक्षता में लीगल एड डिफेंस कौंसिल सिस्टम के न्याय रक्षकों के साथ एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में उनके कार्यों और भर्ती की प्रक्रिया पर चर्चा की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य विधिक सहायता प्रणाली की प्रभावशीलता की समीक्षा करना था। इसमें जरुरतमंदों तक मुफ्त और अच्छी विधिक सहायता पहुँचाने के लिए आवश्यक सुझाव और निर्देश दिए गए। प्रधान न्यायाधीश ने डिफेंस कौंसिल के न्याय रक्षकों से कहा कि वे विधिक सहायता की पात्रता की शर्तों को बेहतर ढंग से समझें। अपने दायित्वों का सही से पालन करें। उन्होंने अभिरक्षाधीन बंदियों के मामलों की पैरवी को प्राथमिकता देने और हर महीने जेल जाकर बंदियों को विधिक सहायता उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया। बैठक में नालसा लीगल एड डिफेंस कौंसिल सिस्टम योजना, 2022 के नियमों और क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा हुई। प्रधान न्यायाधीश ने न्याय रक्षकों को चेतावनी दी कि वे अपने काम में पूरी पारदर्शिता और सतर्कता बरतें। उन्होंने पक्षकारों से अवैध संपर्क, किसी भी तरह के अवैध परितोषिक की मांग, या बंदियों द्वारा नियुक्त निजी वकीलों के काम में हस्तक्षेप न करने के निर्देश दिए।

**ये रहे उपस्थित-** बैठक में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विक्रम प्रताप चंद्रा, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती यशोदा नाग, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती रेशमा बैरागी पटेल, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुश्री गायत्री साय और अन्य न्याय रक्षक उपस्थित रहे।

# स्कार्पियो से अवैध अंग्रेजी शराब जब्त, एक आरोपी गिरफ्तार

**कोण्डागांव**। जिले में अवैध शराब तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस ने स्कॉर्पियो वाहन में अवैध रूप से परिवहन की जा रही 135 बल्क लीटर अंग्रेजी शराब बरामद करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक वाय. अक्षय कुमार के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव पटेल के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी रूपेश कुमार के नेतृत्व में थाना कोण्डागांव और सायबर सेल की संयुक्त टीम ने यह कार्रवाई की।

पुलिस को मुखबिर से 12 अगस्त की शाम सूचना मिली कि स्कार्पियो में अवैध अंग्रेजी शराब रखकर कमेला की ओर ले जाई जा रही है। सूचना पर पुलिस टीम ने ग्राम बड़े कनेरा रोड पर नाकेबंदी की। उक्त वाहन को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन चालक ने वाहन तेज गति से भगाने की कोशिश की। इसी दौरान वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। चालक को सुरक्षित निकालकर पूछताछ में उसका नाम शुभम सरकार पिता रूप कुमार सरकार, उम्र 30 वर्ष, निवासी डीएनके कॉलोनी, कोण्डागांव बताया गया। वाहन की तलाशी में 750 नग पौवा मध्यप्रदेश निर्मित अंग्रेजी शराब 'गोवा बरामद हुई। जिनकी कुल मात्र 135 बल्क लीटर और कीमत 97,500 रुपए आँकी गई। इसके साथ ही स्कॉर्पियो वाहन कीमत 10 लाख और मोटोरोला मोबाइल कीमत 15 हजार जब्त किए गए। जब्त कुल सामग्री की कीमत 11 लाख 12 हजार 500 रुपए है।



**आरोपी भेजा गया जेल –** मामले में धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया। आरोपी को चोट लगने पर जिला अस्पताल कोण्डागांव में उपचार के बाद गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

**टीम में ये रहे शामिल-** इस कार्रवाई में थाना प्रभारी कोण्डागांव निरीक्षक टामेश्वर चौहान, सायबर सेल प्रभारी निरीक्षक सौरभ उपाध्याय, उप निरीक्षक गुलाब सिंह टंडन, प्रआर अजय बघेल, ऋतुराज सिंह, आर राजेश मनहर, चंदन यादव, अजय देवांगन, बिरजू सोरी, परमेश्वर साहू तथा थाना स्टाफ प्रआर सनित सोरी, आर विष्णु मरई का विशेष योगदान रहा।

# नाबालिग से दुष्कर्म और धमकी देने के आरोप में युवक गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कोंडागांव मर्दापाल थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की से दुष्कर्म और शादी के लिए दबाव बनाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत के कुछ ही घंटों के भीतर आरोपी चंपू नाग 23 वर्ष को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार 12 अगस्त को एक 16 वर्षीय 11 महीने की नाबालिग लड़की की मां ने मर्दापाल थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि चंपू नाग नाम का युवक, जो उसी क्षेत्र का रहने वाला है ने उनकी बेटी को शादी का झांसा देकर अपने घर ले गया। वहां उसने लड़की के साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए। दुष्कर्म के बाद, वह लगातार लड़की पर शादी करने का दबाव बना रहा था। जब नाबालिग ने शादी से इनकार कर दिया, तो आरोपी ने रास्ते में रोककर उसे जान से मारने की धमकी दी। शिकायत की गंभीरता को देखते हुए, पुलिस ने तत्काल कार्रवाई शुरू कर दी। कोंडागांव के पुलिस अधीक्षकवाय अक्षय कुमार ने आरोपी की तुरंत गिरफ्तारी के निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव पटेल और अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सतीश भार्गव के मार्गदर्शन में मर्दापाल थाना पुलिस की एक टीम ने आरोपी को उसके गांव कांगा वड़ेपारा से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी चंपू नाग के खिलाफ मर्दापाल थाने में अपराध क्रमांक 17.2025 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 64, 65(2), 351(3), 126(2) और पॉक्सो एक्ट की धारा 4 के तहत मामला दर्ज किया गया है। गिरफ्तारी के बाद, उसे 13 अगस्त को अपर सत्र एफटीएससीसी न्यायालय कोंडागांव में न्यायिक रिमांड पर पेश किया गया।

### कार्रवाई में इनका रहा योगदान

पूरी कार्रवाई में मर्दापाल थाने के सउनि नरेश कुमार साहू, महिला प्र.आर. सुनिता उईके, प्र.आर. मूलचन्द बघेल, प्र.आर. संत राम नायक, प्र.आर. करुण राम नेताम, आरक्षक समीर नेताम, आरक्षक वीरेश सिंह, आरक्षक, आरक्षक तोषण कश्यप का सराहनीय योगदान रहा।

# कोपाबेड़ा मुक्तिधाम में 105 फलदार पौधों का किया रोपण



**कोण्डागांव**। हर पेड़ में जीवन है। हर जीवन में यादें इसी सोच के साथ आज कोपाबेड़ा मुक्तिधाम में एक प्रेरणादायक पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम स्वर्गीय लछमन देवांगन के तीज नहावन की स्मृति में उनके बड़े भाई कमल देवांगन एवं भतीजे विजय देवांगन के नेतृत्व में संपन्न हुआ।

इस मौके पर 105 फलदार पौधों आम, अमरूद, जामुन, नींबू व अन्य स्थानीय प्रजातियों को मुक्तिधाम परिसर की भूमि में रोपा गया। इन पौधों को लगाने में परिवार के सदस्यों खेमेश्वर देवांगन, शैलेन्द्र देवांगन, भांजे हरिशंकर देवांगन, बिजय देवांगन, बृज देवांगन, सुशील देवांगन, फगनू देवांगन ने सक्रिय भागीदारी निभाई। समाज के सदस्य मनी शंकर देवांगन, मेघनाथ देवांगन एवं बड़ी संख्या में उपस्थित समाजबंधुओं ने भी पूरे उत्साह से श्रमदान किया। कार्यक्रम में बोलते हुए कमल देवांगन ने कहा कि भाई लछमन हमेशा समाज और पर्यावरण के लिए कुछ अच्छा करना चाहते थे। आज यह पौधे उनकी याद में लगाए गए हैं ताकि आने वाली पीढ़ियां भी उनकी सोच से प्रेरित हों।

**पेड़ बनने तक करें देखभाल–** वहीं, विजय देवांगन ने कहा, यह सिर्फ पौधारोपण नहीं है, यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम इन्हें पेड़ बनने तक देखभाल करें। स्थानीय लोगों ने इसे एक ऐतिहासिक पहल बताया और मुक्तिधाम को हरियाली से भरने के इस संकल्प का स्वागत किया। सभी ने यह वचन भी दिया कि लगाए गए पौधों को नियमित पानी, खाद और देखभाल देकर उन्हें बड़े और मजबूत वृक्षों में बदलेंगे, जो आने वाले वर्षों तक छाया, फल और स्वच्छ वायु प्रदान करेंगे। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने मौन रखकर स्व. लछमन देवांगन को श्रद्धांजलि अर्पित की और हरियाली को जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया।

## खबर संक्षेप

### 18 से कालेज मार्ग शाम 7 बजे से प्रातः 7 बजे तक बंद रहेगा

**धमतरी।** बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी में कन्या छात्रावास 18 अगस्त से प्रारंभ हो रहा है। छात्राओं की सुरक्षा की दृष्टि से उक्त दिनांक से पंचवटी कॉलोनी एवं जोधापुर वार्ड से महाविद्यालय पहुंच मार्ग प्रतिदिन शाम 7 बजे से प्रातः 7 बजे तक बंद रहेगा। यह जानकारी प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार पाठक ने दी है।

### देवपुर में कबड्डी प्रतियोगिता आज

**पुरी।** स्वतंत्रता दिवस एवं कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर जय अम्बे कबड्डी दल द्वारा देवपुर में एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 15 अगस्त शुक्रवार को किया गया है। प्रथम पुरस्कार 10000 रूपए, द्वितीय पुरस्कार 7000 रूपए, तृतीय पुरस्कार 4000 रूपए तथा चतुर्थ पुरस्कार 2000 रूपए रखा गया है।

### सड़क हादसे में अर्धविक्षिप्त वृद्धा की मौत

**धमतरी।** संबलपुर बाईपास से पैदल गुजर रही एक अर्धविक्षिप्त वृद्धा को अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी।

### दल्ली राजहरा से रावघाट रेललाइन का कार्य कब शुरू होगा

# आजादी के 76 वर्षों के बाद भी बस्तरवासियों को ट्रेन के जरिये रायपुर पहुंचना दिवास्वप्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- रेल आंदोलन अभियान के सदस्य सरकार से पूछ रहे जगदलपुर से कब प्रारंभ होगा रेल लाइन का काम

बस्तर अंचल को रेलवे से सशक्त कनेक्टिविटी देने वाली दल्लीराजहरा-रावघाट रेल परियोजना का कार्य तेज़ी से आगे बढ़ने का दावा किया जा रहा है। जबकि आजादी के इन 76 वर्षो के बाद भी मध्य और दक्षिण बस्तर के लोगों को ट्रेन से प्रदेश की राजधानी रायपुर सुगमता के साथ पहुंचने का मार्ग आज पर्यन्त प्रशस्त नहीं हो पाया। रायपुर से जारी सरकारी जानकारी में दल्ली राजहरा से रावघाट तक रेल लाइन निर्माण के लिए अपनी पीठ थपथपाने का कार्य किया जा रहा है।

बस्तरवासियों और रेल आंदोलन अभियान से जुड़े नागरिकों ने प्रदेश एवं केंद्र सरकार से पूछ रहे है,कि जगदलपुर से रावघाट रेल लाइन निर्माण कार्य कब से



प्रारंभ होगा। रेल आंदोलन के वरिष्ठ सदस्य सम्पत झा ने कहा दल्ली राजहरा से रावघाट तक रेल लाइन का निर्माण इसलिए आवश्यक हो गया है,कारण भिलाई स्टील प्लांट को कच्चा माल याने लोह अयस्क की आपूर्ति दल्ली राजहरा के माइंस डिपॉजिट से लोह भंडार खत्म हो चुका है। बीएसपी को रा मटेरियल उपलब्ध कराने रावघाट तक रेल लाइन पर फोकस किया जा रहा है। रेल आंदोलन के एक अन्य वरिष्ठ सदस्य एवं छग सर्व आदिवासी समाज के जिलाध्यक्ष दशरथ कश्यप ने कहा आजादी के इन 76 वर्षो के बाद भी समूचे बस्तरवासियों को रेलगाड़ी से प्रदेश की राजधानी रायपुर पहुंचना सपना हो गया है। कश्यप ने कहा जब तक जगदलपुर से रावघाट के लिए रेल लाइन बिछाने का कार्य प्रारंभ नही किया जाता यह महत्वाकांक्षी रेल लाइन कार्य अधूरा है। रायपुर से जारी सरकारी प्रेस नोट में यह उल्लेख किया गया है,कि 95 किलोमीटर लंबी इस परियोजना के तारोकी से रावघाट खंड की लंबाई 77.5 किलोमीटर है,जिसमें यूटिलिटी शिफ्टिंग का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। बड़े और छोटे पुलों के साथ-साथ ट्रैक बिछाने का काम अब अंतिम चरण में है, जिससे इस महत्वाकांक्षी परियोजना के दिसंबर 2025 तक पूर्ण होने की दिशा में ठोस प्रगति हुई है। यह भी दावा किया गया है,कि इस रेल परियोजना के पूरा होने से बस्तर क्षेत्र पहली बार राज्य की राजधानी से सीधे रेलवे द्वारा जुड़ जाएगा। जबकि समूचे परियोजना दल्ली राजहरा-से जगदलपुर तक रेल लाइन बिछाने का कार्य कितने वर्षो में पूरा हो जाएगा इसका कही उल्लेख नही किया गया है।

#### 95 किमी कार्य पर ध्यान

सरकारी प्रेस नोट में केवल दल्ली राजहरा से रावघाट तक 95 किमी रेल लाइन निर्माण पर फोकस किया गया है। कुल 95 किलोमीटर लंबे इस रेलमार्ग में 16 प्रमुख पुल,19 रोड ओवर ब्रिज, 45 रोड अंडर ब्रिज और 176 छोटे पुलों का निर्माण शामिल है। केवल 17.5 किलोमीटर लंबे तारोकी–रावघाट खंड में ही 3 प्रमुख पुल, 5 रोड ओवर ब्रिज, 7 रोड अंडर ब्रिज और 49 छोटे पुल बनाए जा रहे हैं। इन सभी कार्यों में तकनीकी सटीकता और सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखा जा रहा है, ताकि यह परियोजना लंबे समय तक टिकाऊ और सुरक्षित रहे।

# तिरंगा अभियान का उद्देश्य लोगों में देशभक्ति और राष्ट्रीय गौरव की भावना पैदा करना



**बस्तर।** भाजपा मंडल बस्तर द्वारा नगर पंचायत बस्तर में तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा में पूर्व मंडल अध्यक्ष रामानंद मिश्रा,पूर्व अध्यक्ष उदबोनाग मंडल,सुखदेव मंडावी शामिल हुए। वहीं मंडल उपाध्यक्ष नरेंद्र जोशी ने भारत माता की जय,वंदे मातरम,जय जवान जय किसान के नारों के साथ तिरंगा यात्रा शुरू की। मंडल अध्यक्ष सहित समस्त कार्यकर्ताओं ने नारा लगाते हुए तिरंगा यात्रा को सफल बनाया गया। पूर्व मंडल अध्यक्ष नारा लगाकर कार्यकर्ताओं को उत्साहित कर रहे थे। भाजपा बस्तर मंडल अध्यक्ष सुखदेव मंडावी ने कहा कि हर घर तिरंगा यात्रा का उद्देश्य देशभक्ति की भावना को बढ़ावा देना और राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान करना है।तिरंगा यात्रा का उद्देश्य लोगों को अपने घरों में तिरंगा फहराने और देशभक्ति का जश्न मनाने के लिए प्रोत्साहित करना है। पूर्व मंडल अध्यक्ष रामानंद मिश्रा ने कहा, हर घर तिरंगा अभियान का उद्देश्य लोगों में देशभक्ति और राष्ट्रीय गौरव की भावना पैदा करना है। इस अभियान के तहत लोगों को अपने घरों और दफ्तरों पर तिरंगा झंडा फहराने और सोशल मीडिया पर तिरंगे के साथ सेल्फी अपलोड करने की अपील की गई है।

**ये रहे उपस्थित**-तिरंगा यात्रा में बस्तर मंडल अध्यक्ष सुखदेव मंडावी , पूर्व मंडल अध्यक्ष रामानन्द मिश्रा, पूर्व मंडल अध्यक्ष दबो नाग,पूर्व जनपद पंचायत उपाध्यक्ष मोहन मौर्य, उपाध्यक्ष नरेंद्र जोशी,दयाराम बघेल,पूर्व जनपद सदस्य फुलसिंग मौर्य,मंडल महामंत्री चमरु यादव, हेमराज कश्यप, मिडिया प्रभारी सन्तो राम कश्यप, भुनेश्वर ठाकुर,सहित मंडल के पदाधिकारी वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं बुथ अध्यक्ष,बस्तर ब्लाक के सभी सरपंच, जिला पंचायत सदस्य,जनपद सदस्य,पार्षद गण,शक्ति केंद्र प्रभारी सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# संस्कार द स्मार्ट स्कूल के बच्चों ने निकाली हर घर तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

दलपत सागर वार्ड पार्षद नरसिंग राव के नेतृत्व में स्वंत्रता दिवस के पूर्व संध्या पर दलपत सागर वार्ड में हर घर तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस दौरान वार्डवासियों को देशभक्ति का संदेश दिया गया। अभियान में हर घर तिरंगा यात्रा कार्यक्रम के तहत रमैया शक्ति केंद्र के दलपत सागर वार्ड में आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वार्ड पार्षद समेत भाजपा पश्चिमी मंडल अध्यक्ष प्रकाश झा सहित सचिन उपाध्याय,सुंदर कश्यप, महेंद्र पटेल, गणेश नाग, नरेंद्र पटेल,वीरेंद्र जोशी सहित संस्कार द स्मार्ट स्कूल के मैनेजर एलेक्स मैथ्यू,प्रिंसिपल,टीचर एवं ऑफिस स्टाफ सहित सैकड़ो लोगों ने सहभागिता की।



# आजादी पर्व के पहले स्वतंत्रता तिरंगा दौड़ में सभी ने लिया भाग





**जगदलपुर ।** बस्तर की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी मंदिर प्रांगण से गुरुवार की सुबह स्वतंत्रता-तिरंगा दौड़ का आयोजन किया गया। इस दौड़ को सांसद महेश कश्यप ने हरी झंडी दिखाकर प्रारंभ किया। दौड़ में महापौर संजय पांडेय, गणमान्य जनप्रतिनिधियों सहित कमिश्नर डोमन सिंह, कलेक्टर हरिस एस, पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा सहित प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी, बहु संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएं, एनसीसी और स्काउट-गाईड के कैडेट्स, एसडीआरएफ के जवान और नागरिकगण शामिल हुए। दौड़ से पूर्व सभी अतिथियों ने शहीद स्मारक में पुष्प चक्र और पुष्प अर्पित कर नमन किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सांसद बस्तर महेश कश्यप ने स्वंतत्रता दिवस के अवसर पर आजादी के दौड़ आयोजन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस स्वतंत्रता-तिरंगा दौड़ का आयोजन का उद्देश्य हम सब भारतवासी स्वतंत्रता सेनानियों, वीर शहीदों के कुर्बानी को सम्मान, स्मरण कर श्रद्धांजलि देने और देश प्रेम की भावना को जगाने के लिए किया जाता है। खेल को जीवन का अभिन्न हिस्सा मानते हुए हर खेल गतिविधियों में शामिल होना चाहिए। जिसने खेलना नहीं जाना उसने जीना नहीं जाना। इस दौरान सांसद ने हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत उपस्थित सभी लोगों को अपने घरों में तिरंगा फहराने की अपील की।

#### इस मार्ग पर हुई दौड़

स्वतंत्रता-तिरंगा दौड़ सुबह लगभग 8 बजे मां दंतेश्वरी मंदिर परिसर से संजय मार्केट, हनुमान मंदिर, हाता ग्राउंड, चांदनी चैक , मेन रोड़ होते हुए गोल बाजार चैक से पुनः मां दंतेश्वरी मंदिर प्रागंण पहुंचकर समाप्त हुई।

#### ये हुए शामिल

इस अवसर पर अपर कलेक्टर सीपी बघेल, अपर कलेक्टर एवं खेल विभाग के प्रभारी ऋषिकेश तिवारी, आईपीएस सुमित कुमार,नगर निगम आयुक्त प्रवीण वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। जिला प्रशासन व खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा स्वतंत्रता-तिरंगा दौड़ का आयोजन किया है, जिसमें में स्थानीय जनप्रतिनिधी और गणमान्य नागरिकों सहित अधिकारी-कर्मचारियों, शिक्षण संस्थाओं के छात्र-छात्राएं,पुलिस ट्रेनिंग सेंटर व होमगार्ड के जवान,खेल संघों के खिलाड़ी व पदाधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# सूमो वाहन रोककर चालक को जिंदा जलाने की कोशिश, कूदकर बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीजामगांव

रामायण कार्यक्रम कर घर लौट रहे एक व्यक्ति को जिंदा जलाने की कोशिश की गई। हेलमेट लगाए चार अज्ञात लोगों ने उसकी सूमो गाड़ी में पेट्रोल डालकर आग लगा दी। कार चालक किसी तरह गाड़ी से कूदकर जान बचाने में सफल रहा।

कोटगांव निवासी संतोष साहू ने बिरेझर चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उसने पुलिस को बयान में बताया कि 10 अगस्त की शाम करीब 6:30 बजे वह रामायण कार्यक्रम कर सूमो वाहन क्रमांक सीजी 04 एचडी 2769 से घर लौट रहा था। कुल्हाड़ी, दरबा, कोटगांव तिराहा के पास एक हेलमेट लगाये व्यक्ति ने उसे इशारे से रोका। रुकने पर वह व्यक्ति गाड़ी के पास आया और बोला कि कार्यक्रम अच्छा था, वह भी ऐसा कार्यक्रम कराना चाहता है। संतोष ने कहा कि कार्यक्रम करना है तो मेडिकल में मिलो या फोन पर बात करो। संतोष ने नाम और पता पूछना शुरू ही किया था कि तभी उसके साथ मौजूद अन्य अज्ञात लोगों ने सूमो के पीछे हिस्से में पेट्रोल डाल कर आग लगा दी। आग की लपटें तेज थी। संतोष भी चपेट में आ सकता था। वह तुरंत गाड़ी से कूद गया। इसके बाद तीन-चार अज्ञात लोग जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। कुछ देर बाद संतोष ने घरवालों और अन्य लोगों को सूचना दी । 15 - 20 मिनट में गांव के लोग पहुंच गए। इस आगजनी में सूमो वाहन पूरी तरह जल गया। करीब दो लाख का नुकसान हुआ है। संतोष ने 11 अगस्त को चौकी में लिखित आवेदन दिया। पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धारा 126 (2), 326 (च), 351(2), 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।






समस्त प्रदेशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
रमेश यादव
पूर्व जनपद उपाध्यक्ष
धरम सिंह राणा
पूर्व मंडल अध्क्ष
श्रवण दीपक
पूर्व जिला
संतोष सिन्हा
मंडल अध्यक्ष, धनोरा
श्रीराम यदु
महामंत्री, धनोरा
अजय मिश्रा
मंडल कोरम अध्यक्ष
पतिराम मंडावी
महामंत्री धनोरा
हिरमो कुंजाम
मंडल उपाध्यक्ष
रमिला उसेंडी
मंडी धनोरा
अमृता यादव
मंडी धनोरा


समस्त प्रदेशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं...
नेहरूराम मंडावी
सरपंच
ग्राम पंचायत, धनोरा
लक्ष्मीनाथ अतकारी
उपसरपंच
ग्राम पंचायत, धनोरा
दयानंद भारद्वाज
सचिव
ग्राम पंचायत, धनोरा
विनीत
ग्राम पंचायत, धनोरा, जिला-कोण्डागांव


समस्त क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
सभी करों का भुगतान
समय पर करें
शहर को साफ-सफाई
में सहयोग करें
मा. नरपति पटेल
अध्यक्ष
मा. जसकेतु उसेंडी
उपाध्यक्ष
विनीत- अध्यक्ष, उपाध्यक्ष नगरपालिका परिषद, कोण्डागांव, जिला कोण्डागांव (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### कैम्प और आंगनबाड़ी केन्द्र में महिलाएं जोड़ सकते हैं नाम

**बीजापुर।** प्रदेश में महतारी वंदन योजना का क्रियान्वयन मार्च 2024 से किया जा रहा है। बस्तर संभाग के नियद नेल्लानार क्षेत्र में संचालित कैम्प की कुछ पात्र महिला हितग्राही आवेदन करने से वंचित रह गये जिसके कारण उन्हें योजनांतर्गत लाभप्राप्त नहीं हो रहा है। नियद नेल्लानार क्षेत्र में संचालित 53 कैम्प के 511 आंगनबाड़ी केन्द्र व ग्रामों के छूटे हुए पात्र हितग्राहियों को महतारी वंदन योजना का लाभ सीमित प्रक्रिया अपनाते हुए आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से महतारी वंदन योजना का लाभ दिया जाएगा।

### सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता आज

**दंतेवाड़ा।** जिले में कलेक्टर एवं जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण के अध्यक्ष कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत सीईओ एवं उपाध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण जयंत नाहटा के नेतृत्व में सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा विषयक वाद-विवाद प्रतियोगिता 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शुभारंभ किया जा रहा है। सभी वाद विवाद प्रतियोगिताएं विकासखण्ड स्तर पर 23 अगस्त, जिला स्तर पर 30 अगस्त, संभाग स्तर पर 6 सितम्बर एवं राज्य स्तर पर 13 सितम्बर को आयोजित किया जायेगा।

### योग आयोग के अध्यक्ष ने ली विभागों की बैठक



**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा का एक दिवसीय प्रवास विगत 12 अगस्त को दंतेवाड़ा में हुआ। इस दौरान उन्होंने योग से जुड़े विभिन्न सामाजिक संगठनों, जिला प्रशासन के समाज कल्याण, पंचायत विभाग, आयुष विभाग एवं क्रीड़ा विभाग के साथ बैठक लेकर जिले में योग की संभावनाओं के बारे में विस्तार से चर्चा-परिचर्चा कर जानकारी प्राप्त की और भविष्य में दंतेवाड़ा में योग प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजन की रूपरेखा तय कर लोगों को योग से जोड़कर निरोगी जीवन जीने हेतु सन्देश देने की बात कही। इस मौके पर योग आयोग के सदस्य छगन लाल सोनवानी, योग प्रशिक्षक राजेंद्र प्रसाद शाह एवं योग से जुड़े विभिन्न संगठनों के जिला प्रभारी, ब्लॉक प्रभारी, अन्य सदस्यगण तथा अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### विधायक कार्यालय पहुंचे केंद्रीय मंत्री का स्वागत



**जगदलपुर।** विधायक कार्यालय नयापारा पहुंचे केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू, विधायक धरमजीत सिंह का भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। उसके बाद किरण देव दंतेवाड़ा और धरमजीत सिंह सुकमा रवाना हो गए। जहां वे 15 अगस्त को मुख्य अतिथि है। केंद्रीय मंत्री सर्किट हाऊस में रूक गए उन्हें लालबाग मैदान में ध्वजारोहण करना है।

# जिला मुख्यालय में सद्भावना स्वतंत्रता दौड़ में दौड़े सैकड़ों लोग

जिला पंचायत अध्यक्ष, कलेक्टर एसपी, सीईओ सहित नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं बच्चों ने दिया राष्ट्रीय एकता और देशभक्ति का संदेश।

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

जिले के आम नागरिकों देशभक्ति राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता के संकल्प को नवप्रेरित करने को दृष्टिगत रखते हुए आज जिला मुख्यालय के हाई स्कूल ग्राउंड में सद्भावना दौड़ का आयोजन संपन्न हुआ। जिला प्रशासन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में प्रतिवर्ष की भांति हाई स्कूल ग्राण्ड से प्रातः 7 बजे प्रारंभ



होकर बस स्टैंड, जय स्तंभ चौक, गायत्री मंदिर चौंक होते हुए पुनः परेड ग्राउंड में समाप्त हुई। इस मौके पर उपस्थित जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविंद कुजाम, नगर पालिका उपाध्यक्ष कैलाश मिश्रा, सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं कलेक्टर कुणाल दुदावत, पुलिस अधीक्षक गौरव राय, जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा, अपर कलेक्टर राजेश पात्रे, एडिशनल एसपी आर. के बर्मन सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी एवं स्कूली बच्चों के द्वारा सद्भावना दौड़ लगाकर देशभक्ति का जजबा प्रदर्शित किया गया। इस दौरान तिरंगा हाथ में लिए हुए स्कूली छात्र छात्राओं ने देशभक्ति के नारों से मुख्यालय के गलियों को गुंजायमान कर दिया था।

इस मौके पर उपस्थित जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि देश के आजादी के लिए हमारी वीर सपूतों ने प्राणों का बलिदान कर दिया था। आजादी के महत्व को नई पीढ़ी तक पहुंचाना ही सद्भावना स्वतंत्रता दौड़ का उद्देश्य है। यहा हम सब का दायित्व है कि हम गर्व और सजगता के साथ देश की एकता अखंडता की रक्षा को सर्वोपरि रखें। गौरतलब है कि कल 15 अगस्त का मुख्य समारोह मुख्यालय में हाई स्कूल ग्राउंड में संपन्न होगा जिसमें मुख्य अतिथि जगदलपुर विधायक किरण देव द्वारा ध्वजारोहण किया जायेगा।

## स्वतंत्रता तिरंगा दौड़ का आयोजन

# कलेक्टर, एसपी, स्कूली बच्चे, पुलिस जवानों सहित आम नागरिकों ने लगाई तिरंगा दौड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

स्वतंत्रता दिवस के एक दिन पूर्व 14 अगस्त को स्वतंत्रता, तिरंगा दौड़ का आयोजन किया गया। जिसमें कलेक्टर संबित मिश्रा, पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में स्कूली बच्चे, पुलिस के जवान, अधिकारी-कर्मचारी सहित जनमानस ने पूरे उत्साहपूर्वक भाग लिया। हजारों की संख्या में शामिल लोगों में स्वतंत्रता दिवस का गजब का उत्साह देखने को मिला।

■ देश में अमन, चैन और शांति के लिए दिए गए बलिदान सदैव स्मरणीय रहेगाः कलेक्टर

स्वतंत्रता दौड़ सांस्कृतिक भवन मैदान बीजापुर से शुरू होकर सर्किट हाऊस स्थित शहीद स्मारक में सम्पन्न हुआ। जहां बीजापुर जिले में शांति स्थापना के लिए अपना जीवन न्यौछावर करने वाले शहीदो एवं देश के महापुरूषो को पुष्पांजली अर्पित कर उनके बलिदानों को स्मरण किया गया।



कलेक्टर संबित मिश्रा ने कहा कि भारत को स्वतंत्रता दिलाने लाखों शहीदों ने अपनी खून की नदिया बहाई है। देश में अमन, चैन और शांति के लिए दिए गए बलिदान सदैव स्मरणीय रहेगा। मातृभूमि की रक्षा के लिए अपनी जान की परवाह न करते हुए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले शहीदों की बदौलत आज हम सभी अमन चैन और शांति के साथ जीवन जी रहे हैं और विकास की ओर बढ़ रहे हैं।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव ने जिले वासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए अमर शहीदों को स्मरण किया।

## महिलाओं ने धूमधाम से मनाया हलषष्ठी का पर्व



**गीदम।** नगर व आसपास के इलाकों में गुरुवार को कमरछठ का पर्व धूमधाम से मनाया गया। कई जगह इसे हलषष्ठी के नाम से भी जाना जाता है। हिंदू पंचांग के अनुसार हर साल भाद्रपद माह की कृष्ण पक्ष की षष्ठी तिथि को यह पर्व मनाने की परंपरा है। विधि विधान से किया गया यह व्रत पूर्ण फल देने वाला और मनोकामनाएं पूर्ण करने वाला होता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार इस दिन भगवान कृष्ण के बड़े भाई बलराम जी ने जन्म लिया था। द्वापर युग में भगवान श्री कृष्ण के जन्म से पूर्व शेषनाग ने बलराम के रूप में जन्म लिया था। बलराम हल और मूसल धारण करते हैं इसी कारण उन्हें हलधर भी कहते हैं। इस मौके पर सभी पुत्रवती महिलाएं पुत्रों की दीर्घायु और उनके उज्जवल भविष्य के लिए पूजा करती हैं और व्रत भी रखते हैं। इस व्रत में महिलाएं छोटे-छोटे मिट्टी के पात्रों या फिर पत्तों से बने हुए दोनों में पांच या सात प्रकार के भुने हुए अनाज रखती हैं और पूजा के बाद संतान को तिलक लगा कर उनमें वितरित किया जाता है। इस दिन सगरी खोदकर उसकी पूजा की जाती हैं। सगरी के आसपास झावेरी पलाश कासा के पेड़ लगाते हैं और पूजा अर्चना करते हैं। महिलाएं हलषष्ठी का व्रत की कथा सुनती हैं इस व्रत से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। इस दिन गाय के दूध व दही का सेवन करना वर्जित है। इस दिन बिना हल चले धरती का अन्न व शाक भाजी खाने का विशेष महत्व है।

## बीटीओए चुनाव में राहुल की उपाध्यक्ष पद पर बड़ी जीत



हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

दक्षिण बस्तर में ट्रक मालिकों की बड़ी संस्था बैलाडीला ट्रक ओनर्स एसोसिएशन का चुनाव 13 अगस्त को हुआ। मतगणना के पश्चात देर रात परिणाम घोषित किया गया,

■ विजयी प्रतिभागियों ने प्रशासन और सदस्यों का माना आभार

जिसमें हाथी छाप पैनल से सचिव आकाश गोयल, उपाध्यक्ष राहुल असरानी, कोषाध्यक्ष मनीष नायक एवं सह सचिव वैभव गौरंग साहा निर्वाचित हुए। साथ ही मनोज सिंह पैनल से अध्यक्ष पद पर मनोज सिंह, उपाध्यक्ष विजयंत सिंह गौतम एवं सह सचिव विश्वजीत सरकार पिंकू चुने गये। राहुल असरानी को उपाध्यक्ष पद में सर्वाधिक 456 मत प्राप्त हुए।

नव निर्वाचित उपाध्यक्ष राहुल असरानी ने सफल चुनाव हेतु संचालन समिति के सदस्य एवं पुलिस प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किया। साथ ही समस्त बीटीओए के सदस्य व समर्थकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप सभी का ह्रदय से अभिनन्दन करता हूं जो प्रेम एवं भरोसा आपने मुझपर रखा है वही हमारी ताकत है और बेहतर कार्य करते हुए हमारे गाड़ियों को अधिक से अधिक काम मिले इसके लिए प्रयासरत रहूंगा।

## संतान की लंबी उम्र की कामना...



**भानपुरी।** सन्तान की लंबी उम्र की कामना और परिवार की सुख समृध्दि के लिए महिलाओं ने गुरूवार को हल षष्ठी का व्रत रख पूजा पाठ किया। इस दौरान सबरी नुमा गडढा खोद जल अर्पित कर गौमाता, बलराम आदि की पूजा की।

## देशभक्ति की मिशाल वन्देमातरम वाले दुबे, 11 साल दी सेवा



**गीदम।** सन 70- 80 के दशक में वर्तमान दंतेवाड़ा जिले की सड़कों से लेकर तहसील कार्यालय का गलियारा वंदेमातरम शब्दों से गुंजा करता था। दरअसल उन दिनों दंतेवाड़ा में तहसीलदार के पद पर रामकुमार दुबे नामक अधिकारी पदस्थ थे और उनकी पहचान तहसीलदार से कम वंदे मातरम साहब के नाम से ज्यादा थी। परिचित व्यक्ति आम नागरिक रिश्तेदार या तहसील कार्यालय में आने वाले लोगों को उनके नमस्कार प्रणाम आदि का जवाब स्वर्गीय दुबे वंदे मातरम शब्दों से दिया करते थे। स्व. दुबे राजधानी रायपुर जिला के ग्राम डिघारी के मूल निवासी थे। कवर्धा जिला के दशरंगपुर सर्किल से वर्ष 1949 में पटवारी पद से अपनी शासकीय सेवा प्रारंभ करने वाले और दंतेवाड़ा के तहसीलदार पद से सेवानिवृत होने वाले स्व दुबे दंतेवाड़ा में लगभग 11 वर्षो तक 1977-88 तक पदस्थ रहे। इसके अलावा राजनंदगांव, बालोद, कवर्धा, जगदलपुर में पद स्थापना के दौरान लोगों का अभिवादन अपने वंदे मातरम संबोधन से स्वीकारने के कारण वंदे मातरम साहब के नाम से बहुत प्रसिद्ध रहे।

## तिरंगा फहराकर मां भारती को किया नमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोहंडीगुड़ा

अभियान के अंतर्गत विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर विस्थापन के दौरान बलिदान हुए सभी नागरिकों को नमन करते हुए स्कूली छात्र-छात्राओं को अपने आवास पर तिरंगा ध्वज फहराने के लिए सभी को तिरंगा झंडा वितरित किया गया।

पीएम हाई सेकेंडरी स्कूल लोहंडीगुड़ा पर तिरंगा फहराकर मां भारती को नमन किए। इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष डॉ. बसंत कश्यप ,भाजपा महामंत्री सर्वेंद्र सेठिया, युवा मोर्चा धनसिंग ठाकुर ,स्कूल प्राचार्य अशोक खापर्डे एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।



तिरंगा केवल एक ध्वज नहीं, बल्कि यह भारत की आत्मा, संस्कृति और स्वतंत्रता का प्रतीक है। इसमें समाहित हैं लाखों वीरों की कुर्बानियां, जिनकी बदौलत हम आज आज़ाद भारत में सांस ले रहे हैं। इसका केसरिया रंग हमें साहस और बलिदान की याद दिलाता है, सफेद रंग शांति और सच्चाई का प्रतीक है, जबकि हरा रंग समृद्धि और विकास का संदेश देता है।

इस स्वतंत्रता दिवस पर आइए, हम सभी मिलकर इस राष्ट्रध्वज के प्रति अपने प्रेम और सम्मान को एक नई ऊंचाई दें। अपने घरों, कार्यालयों, दुकानों और दिलों में तिरंगे को गर्व से फहराएँ। इससे न केवल देशभक्ति की भावना जागृत होगी, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक प्रेरणा भी बनेगी।

## दिव्यांगों की देखभाल के लिए 40 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को मिल रहा प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दरभा

नेगानार प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में दरभा ब्लाक को बस्तर जिला में दिव्यांग बच्चों के देखभाल एवं पहचान के लिए 40 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को बुलाकर ट्रेनिंग का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद पंचायत से मुख्य अतिथि मुकेश वासनिक के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई।

एक दिवसीय कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चों की पहचान करके कैसे ईलाज एवं हास्पिटल कैसे भेजा जाए उसकी जानकारी दी गई, जिसमें प्रीति भोज का भी



आयोजन किया गया। एकता एनजीओ की तरफ से ओड़िशा टीम से पीडीएम प्रोग्राम मैनेजर नीराकार देवदास, रीतू, अलीवा एवं छत्तीसगढ़ की तरफ से सुकमन, मनकी एवं डॉ. हेमंत के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# नई दिल्ली में स्वतंत्रता दिवस के साक्षी बनेंगे सरपंच

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोंटा

इस वर्ष 15 अगस्त को भारत के 79वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में प्रदेश के सुकमा जिले के दो ग्राम पंचायतों से

■ सुकमा जिला के दो ग्राम पंचायतों के सरपंचों को विशेष आमंत्रण

संबंधित जनप्रतिनिधि कलमू जोगा एवं भीमसेन वेट्टी राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित ध्वजारोहण कार्यक्रम में



विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किए गए हैं। यह आमंत्रण उनके कार्यों की सराहना है, साथ ही सुकमा जिले के लिए एक गर्व का विषय भी है। कलमू जोगा, जो जनपद पंचायत सुकमा के अंतर्गत ग्राम पंचायत बडेसट्टी के सरपंच हैं तथा भीमसेन वेट्टी जो जनपद पंचायत कोटा अंतर्गत ग्राम पंचायत केरलापेदा के सरपंच हैं, दोनों को नई दिल्ली में आयोजित होने वाले इस ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण समारोह में भाग लेने हेतु भारत सरकार द्वारा विशेष आमंत्रण प्राप्त हुआ है। उनके साथ वरुण मिश्रा प्रोग्राम लीडर पिरामल फाउंडेशन को नोडल अधिकारी साथ है।

### समाजसेवा व ग्रामीण विकास में योगदान

इन दोनों जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, ग्रामीण विकास एवं शासन की योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में सक्रिय भूमिका निभाई है। विशेषकर आदिवासी बहुल इलाकों में शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने और सामाजिक चेतना जागृत करने के लिए इनके कार्यों को राष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया है। 15 अगस्त को लाल किले पर फहराया जाने वाला तिरंगा जब लहराएगा, तब सुकमा जिले के ये दो बेटे राष्ट्रीय एकता, लोकतंत्र और ग्रामीण सशक्तिकरण की सशक्त मिसाल के रूप में उस दृश्य के साक्षी बनेंगे।

# हर घर तिरंगा अभियान, निकाली जागरुकता रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोण्ड

संस्कृति विभाग छत्तीसगढ शासन के निर्देशानुसार हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतन्त्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग अन्तर्गत स्वतन्त्रता दिवस के पूर्व लोगों के दिलों में देशभक्ति की भावना जागृत करने और भारत के राष्ट्रीय झंडे के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए हर घर तिरंगा अभियान तिरंगा जागरुकता रैली आयोजित की गई है।

